रोहतक
मंगलवार, 11 मार्च 2025
फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष, द्वादशी वर्ष : 29, अंक : 40
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00


**मौसम**
अधि. 33.7
न्यून. 13.5


# हरिभूमि
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | गिरावट |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,115.17 | 217.41 ▼ |
| निफ्टी | 22,460.30 | 92.20 ▼ |

| धातु | कीमत | मंदी |
|---|---|---|
| सोना | 88,750 /- | 150/- ▼ |
| चांदी | 99,250/- | 250/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.33 | 38 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 70.60/ बैरल | 0.34% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## बजट सत्र : विस में कांग्रेस का हंगामा वाकआउट, ट्रैवल एजेंट्स बिल वापस

दूसरे दिन कांग्रेस विधायकों ने दादूपुर नलवी नहर को लेकर सरकार को घेरा

### सदन में मंत्री बेदी और ढांडा की कांग्रेस विधायकों के साथ तीखी नोक-झोंक, जमकर शोरगुल

योगेंद्र शर्मा ▸▸ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट-सत्र के दूसरे दिन सोमवार को सदन में जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान रोहतक में जोहड़ की कीमती जमीन पर कब्जे और दादूपुर नलवी नहर मामले में सरकार के जवाब पर असहमति जताते हुए कांग्रेस ने वॉकआउट कर दिया। सदन में मंत्री कृष्ण बेदी और महिपाल ढांडा की कांग्रेस विधायकों के साथ तीखी नोकझोंक हुई। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष ने सरकार के कामकाज की जमकर प्रशंसा की, वहीं विपक्ष कांग्रेस की ओर से अभिभाषण की कड़ी आलोचना की गई। सदन में हरियाणा भाजपा अध्यक्ष मोहनलाल बडौली पर लगे कथित दुष्कर्म के आरोपों का मामला भी कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य रघुबीर कादियान ने उठाया, तो इस पर जमकर हंगामा और शोरगुल हुआ। देर शाम की कार्यवाही के दौरान ट्रैवल एजेंट्स को लेकर गत साल लाया गया बिल केंद्रीय गृह मंत्रालय की आपत्ति के कारण वापस ले लिया गया। सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे शुरू हुई। विस अध्यक्ष ने कहा कि शून्यकाल बात रखने को बेहतर मौका है, लेकिन इस दौरान सदन की गरिमा बनाए रखकर बात रखी जाए, तो बेहतर है। सोमवार को मात्र छह सदस्यों ने इस दौरान बात रखने के लिए नाम दिए। (पेज दो भी देखें)



- पूर्व सीएम हुड्डा और विधायक बतरा, निर्मल बोले, हम प्रिवलेज मोशन लाएंगे
- **विस अध्यक्ष बोले, शून्यकाल बात रखने को बेहतर मौका**
- इस दौरान सदन की गरिमा बनाकर बात रखी जाए, तो बेहतर
- **सोमवार को छह सदस्यों ने इस दौरान बात रखने के लिए नाम दिए**

**रोहतक में कब्जे का मामला उठा :** सदन में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक ने रोहतक का मामला उठाते हुए कहा कि यहां कीमती जमीन पर भूमाफिया कब्जा कर रहे हैं। रोहतक विधायक बीबी बतरा और मंत्री महिपाल ढांडा के बीच इस विषय पर तीखी नोकझोंक हुई। बतरा ने कुछ समाचार पत्रों की कटिंग दिखाते हुए दावा किया कि माफिया कब्जा कर रहे हैं, जोहड़ को भरने का काम किन लोगों ने किया। वरिष्ठ नेता भूपेंद्र हुड्डा ने भी इस विषय पर बात रखी।

**कृष्ण हुड्डा के भतीजे का मामला गूंजा :** कांग्रेस विधायक रघुबीर कादियान ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली पर लगे कथित आरोपों का मामला उठाया तो सदन में हंगामा हो गया। सरकार के मंत्री कृष्ण बेदी ने स्वर्गीय कृष्ण हुड्डा के भतीजे का मामला उठाया। बेदी ने कहा, भतीजा ड्रग्स के मामले में गिरफ्तार हुआ था। इस पर भूपेंद्र हुड्डा ने कहा, जो व्यक्ति सदन में मौजूद नहीं उसके बारे में चर्चा करना गलत है। बतरा, हुड्डा, निर्मल सिंह ने दादूपुर नलवी नहर व रोहतक के पीर भहोदी तालाब के मामले में सदन को गुमराह करने के आरोप लगाए और कहा कि वे इस मामले में प्रीवलेज मोशन लेकर आएंगे।

#### बजट दोपहर दो बजे पेश करने पर आपत्ति

हुड्डा ने 17 मार्च को पेश होने वाले बजट के समय (दोपहर दो बजे) को लेकर आपत्ति उठाई। दोपहर बाद में बजट पेश करना ठीक नहीं होगा। अगले दिन सुबह से कार्यवाही चलाने की बात की जा रही है, इसलिए एक दिन का अवकाश बजट पढ़ने के लिए रख दिया जाए। विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने साफ कर दिया है कि बीएसी की बैठक में सभी सदस्यों की मौजूदगी में यह तय किया गया था सारी तैयारी और कार्यक्रम तैयार है।

#### इन्होंने भी रखी बात

- रानिया से इनेलो विधायक अर्जुन चौटाला ने एक विश्व विद्यालय के वीसी को एमएस स्वामीनाथन अवार्ड दिए जाने पर सवाल उठाए व फर्जी अवार्ड बताकर युवाओं को गुमराह करने के आरोप लगाए।
- विधायक जस्सी पेटवाड़ ने ग्रामीण क्षेत्रों में आ रहे अनाप शनाप बिजली बिलों को लेकर चिंता जाहिर की। इस पर ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने आश्वस्त किया कि वे पूरे मामले की जांच कराएंगे, अगर इसमें कोई दोषी पाया गया, तो उस पर कार्रवाई होगी।
- इनेलो के आदित्य देवीलाल और अन्य कई विधायकों ने राज्य में कानून व्यवस्था के हालात पर चिंता जाहिर की, इस दौरान अफसर गैलरी में डीजीपी और सीआईडी चीफ दोनों ही बैठे थे।



हिसार। दीक्षांत समारोह में वरीयता प्रमाण पत्र प्रदान करते राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। फोटो : हरिभूमि

## शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी का लाभ गांवों तक पहुंचाएं

हिसार में गुजवि के दीक्षांत समारोह में मुख्यातिथि रहीं राष्ट्रपति, राज्यपाल दत्तात्रेय ने की अध्यक्षता

हिसार(हरिभूमि न्यूज)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि युवा पीढ़ी को बदलती वैश्विक मांगों के लिए तैयार करना उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए चुनौतीपूर्ण कार्य है। लेकिन, देश के संतुलित एवं सतत विकास के लिए यह आवश्यक है कि शिक्षा एवं प्रौद्योगिकी का लाभ गांवों तक पहुंचे। इस संदर्भ में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थानों की बहुत अहम भूमिका है। राष्ट्रपति गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रही थी। समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल तथा विवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने की। इस मौके पर गुजवि द्वारा आरएसएस के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य इंद्रेश कुमार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में कुल 2090 डिग्रियां दी गई हैं।

### विद्यार्थियों से आग्रह

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि इस विवि में छोटे शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से विद्यार्थी आते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने गांव एवं शहर के लोगों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराएं और उन्हें अच्छी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित करें। (पेज 3 भी देखें)

## खबर संक्षेप

### पीएचडी छात्रों के लिए बढ़ाई 62% फेलोशिप

**नई दिल्ली।** पीएचई दिल्ली स्टेट यूनिवर्सिटी में शुमार ट्रिपल आईटी दिल्ली ने पीएचडी छात्रों के लिए खुशखबरी दी है। संस्थान ने पीएचडी फेलोशिप की धनराशि बढ़ा दी है। दिल्ली की इंद्रप्रस्थ इंस्टिट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि पीएचडी फ़ेलोशिप 62 फीसदी तक पीएचडी फेलोशिप बढ़ा दी है। *एजेंसी*

### दिव्यांग बच्चों के लिए टीचर्स के पद अधिसूचित करें

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दिव्यांग बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 28 मार्च तक अधिसूचित करने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि 2021 के उसके (शीर्ष अदालत के) फैसले के बावजूद किसी भी राज्य या केंद्र शासित प्रदेश ने ऐसे स्वीकृत पदों पर नियुक्तियां नहीं कीं। भाषा

### एम्स में भर्ती उपराष्ट्रपति के स्वास्थ्य में सुधार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार हो रहा है व यह संतोषजनक है। धनखड़ को बेचैनी और सीने में दर्द की शिकायत के बाद रविवार देर रात करीब दो बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपराष्ट्रपति को एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ. राजीव नारंग की देख रेख में भर्ती कराया गया है। भाषा

### शाकाहारी, मांसाहारी थाली के दाम 5% घटे

**नई दिल्ली।** फरवरी में शाकाहारी और मांसाहारी थाली की लागत में मासिक आधार पर 5 प्रतिशत की कमी आई है। इसका कारण सब्जी और ब्रॉयलर की कीमतों में कमी है। क्रिसिल मार्केट इंटेलिजेंस एंड एनालिसिस ने अपनी मासिक 'रोटी चावल कीमत' रिपोर्ट में कहा कि ताजा आवक के बीच प्याज, आलू और टमाटर की कीमतों में क्रमशः सात प्रतिशत, 17% और 25% की गिरावट आई है। भाषा

### राहुल के करीबी पित्रोदा पर कर्नाटक में केस दर्ज

**बेंगलुरु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के करीबी और इंडियन ओवरसीज कांग्रेस अध्यक्ष सैम पित्रोदा पर कर्नाटक में एफआईआर दर्ज हुई। उनके एनजीओ फाउंडेशन फॉर रिवाइटेलाइजेशन ऑफ लोकल हेल्थ ट्रेडिशन पर वन विभाग की जमीन कब्जाने का आरोप है। भाजपा की शिकायत पर पित्रोदा, उनके एनजीओ के साथी, वन विभाग के 4 अफसर, रिटायर्ड आईएएस पर केस दर्ज हुआ है। भाषा

आतंकी वारदात की आशंका

## जम्मू-कश्मीर के कठुआ में फिर दो लोग लापता

छह मार्च को भी 3 लोग गायब हुए थे, दो दिन पहले लाश मिली थीं

**जम्मू (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में 2 दिन पहले 3 लोगों की लाश मिलने के बाद अब 2 और युवक लापता हैं। दोनों जिले के राजबाग इलाके से गायब हुए हैं। दोनों जानवर चराने के लिए निकले थे, इसके बाद से ही गायब हैं। इनकी पहचान दीनू (15 साल) और रहमत अली (12 साल) के रूप में हुई है। इससे पहले 8 मार्च को जिले के बिलावर में पहाड़ियों के नजदीक 3 लापता लोगों की लाशें मिली थीं। इनमें एक बच्चा भी था। सभी तीन दिन पहले आतंकवाद प्रभावित इलाके से लापता हुए थे। इसके बाद केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन रविवार को जम्मू पहुंचे थे। उन्होंने नागरिक सुरक्षा को लेकर हाई लेवल मीटिंग की थी। इस दौरान लोकल लोगों से आतंकियों की मदद की बात सामने आई थी। इस पर गृह सचिव ने विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

## जर्मनी में 25 लाख कर्मचारी हड़ताल पर

13 एयरपोर्ट पर 3400 से अधिक उड़ानें रद • पांच लाख से अधिक यात्री प्रभावित

**बर्लिन (एजेंसी)।** जर्मनी के सभी एयरपोर्ट्स के कर्मचारियों की हड़ताल के कारण सोमवार को पूरे देश की हवाई यात्रा ठप हो गई। हड़ताल से पूरे देश में 13 प्रमुख एयरपोर्ट पर 3400 उड़ानें रद की गईं, जिनमें फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख जैसे प्रमुख एयरपोर्ट्स भी शामिल हैं। इसके चलते 5 लाख से ज्यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। देश की 25 लाख सरकारी कर्मचारियों वाली वेरडी यूनियन ने सैलरी बढ़ाने की मांग लेकर इस हड़ताल का ऐलान किया था। जर्मनी के समय के मुताबिक ये हड़ताल सोमवार से शुरू होनी थी, लेकिन इसे तय समय से एक दिन पहले रविवार को ही शुरू कर दिया गया। इस हड़ताल में पब्लिक डिपार्टमेंट के वर्कर्स, ग्राउंड स्टाफ और सिक्योरिटी गार्ड्स शामिल हैं।

## वेस्ट मैनेजमेंट घोटाले की जांच अब एसआईटी करेगी

- प्रदेश सरकार ने दिए आदेश 15 दिन में देनी होगी रिपोर्ट
- 32 हजार टन कचरा मिट्टी में दबाने के आरोप

हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ चंडीगढ़

प्रदेश में कूड़े का प्रबंधन करने की बजाय उसे जगह-जगह अवैध रूप से मिट्टी में दबाने के मामने में ग्रामीणों की शिकायत पर केस दर्ज हुआ था। हरियाणा सरकार ने अवैध रूप से कूड़ा डालने के मामले की जांच और विशेष जांच दल (एसआईटी) के गठन के आदेश दिए हैं। पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह ने नियमों का उल्लंघन बताते हुए कहा कि एसआईटी 15 दिनों में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुष्टि की कि अवैध डंपिंग में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली ड्राइवरों और प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जाएगी, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या हुआ था। ठेकेदार को डंप किए गए कचरे को शून्य लागत पर हटाने के लिए कहा जाएगा और परियोजना से संबंधित सभी आधिकारिक दस्तावेजों की जांच की जाएगी।

### राव बोले, कड़ी कार्रवाई होगी

#### यह है मामला

अरावली क्षेत्र में नवंबर 2024 में 3 करोड़ रुपये से 32,000 टन कूड़े का प्रबंधन करने के निर्देश दिए गए थे। इस कचरे का वैज्ञानिक तरीके से जैविक तरीके से प्रबंधन करने के आदेश जारी किए गए थे। इसके लिए 3 करोड़ का टेंडर भी जारी हुआ। लेकिन, ठेकेदारों ने नियमों के तहत कूड़े को हटाने की बजाय उसे 20 से ज्यादा जगहों पर ले जाकर मिट्टी में दफना दिया।

#### एक माह में 1.5 करोड़ जारी किए

सबसे हैरानी की बात यह है कि अधिकारियों ने ठेकेदार को टेंडर जारी होने के एक महीने के भीतर 3 करोड़ रुपये का आधा 1.5 करोड़ रुपये का भुगतान भी कर दिया गया। यह भी सामने आया है कि गलत तरीके से कचना प्रबंधन के कारण मिट्टी और भूजल का प्रदूषण भी हुआ है। साथ ही प्रोटेक्टेड अरावली एरिया में स्थानीय बायोडायवर्सिटी को भी नुकसान पहुंचा है।


## एअर इंडिया की फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

न्यूयार्क जा रहे विमान को मुंबई डायवर्ट किया • विमान में 19 क्रू मेंबर समेत 322 लोग सवार थे

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-119 को सोमवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। एअर इंडिया ने बताया कि फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। विमान ने मुंबई एयरपोर्ट के टर्मिनल-2 से रात 1:43 बजे न्यूयॉर्क के लिए उड़ान भरी थी। एयरलाइन ने कहा कि फ्लाइट को अब 11 मार्च सुबह 5 बजे के लिए रिशेड्यूल किया गया है। यात्रियों को होटल आवास, भोजन और अन्य आवश्यक सहायता दी गई है।

## छग शराब घोटाला : पूर्व सीएम भूपेश व बेटे के ठिकानों पर छापे


**रायपुर (भाषा)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2100 करोड़ के शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल के बेटे के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत उनके परिसरों पर सोमवार को छापे मारे। सूत्रों ने बताया कि भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के भिलाई (दुर्ग जिले) स्थित परिसरों, चैतन्य बघेल के कथित करीबी सहयोगी लक्ष्मी नारायण बंसल उर्फ पप्पू बंसल और कुछ अन्य के परिसरों की भी धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत तलाशी ली जा रही है। चैतन्य बघेल अपने पिता के साथ भिलाई में रहते हैं, इसलिये उस परिसर पर भी छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि संदेह है कि वह (चैतन्य बघेल) शराब घोटाले के अपराध से हुई आय के 'प्राप्तकर्ता' हैं। राज्य में करीब 14-15 परिसरों पर छापे मारे।



नोट गिनने और सोना जांचने की मशीनें मंगवाई

### बघेल बोले, 33 लाख ले गई ईडी

बघेल के घर पर 10 घंटे चली छापेमारी के बाद उन्होंने कहा कि ईडी की टीम 32-33 लाख रुपये और कुछ दस्तावेज अपने साथ ले गई है। इनमें मंतुराम केस की पेन ड्राइव भी शामिल है। बता दें कि कार्रवाई के दौरान ईडी की टीम ने नोट गिनने और सोना जांचने की मशीन मंगवाई थी, तो कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ईडी टीम पर पथराव कर दिया। कांग्रेस मंगलवार को भाजपा और ईडी का पुतला फूंकेगी।



**अलर्ट** केरल की 18 साल की लड़की ने की ज्यादा डाइटिंग, मोटे होने के डर से सिर्फ गर्म पानी पीया

## पतला होने के लिए ऑनलाइन अपनाई ऐसी डाइट कि भूख से हो गई युवती की मौत

*डॉक्टर्स बोले, ऐसा करने से पहले स्वास्थ्य विशेषज्ञों की सलाह जरूर लें, वरना सेहत को होता है खतरा*

**कन्नूर (एजेंसी)।** केरल के कन्नूर से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक 18 साल की युवती की अधिक डाइटिंग करने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवती ने एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से अपना वजन कम करने के लिए खास डाइट प्लान अपनाया था, इससे पहले वह मोटे होने के डर से खाना भी छोड़ती रही है। कन्नूर के कुथुपरम्बा की रहने वाली श्रीनंदा की थालास्सेरी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। आखिरी समय में वह वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी। बीच में उन्होंने कोझिकोड मेडिकल कॉलेज में भी इलाज करवाया था। उसके रिश्तेदारों का कहना है कि श्रीनंदा वजन बढ़ने के डर से खाना छोड़ा करती थी और काफी एक्सरसाइज करती थीं। वह कथित तौर पर लिक्विड डाइट पर ज्यादा रहती थी और भूख से मरने की स्थिति में आ गई थी।

### फर्स्ट ईयर की छात्रा थी

मृत युवती मट्टनूर पजहस्सिराजा एनएसएस कॉलेज में ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर की छात्रा थीं। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, यह एनोरेक्सिया नर्वोसा का मामला हो सकता है, जो खाने से जुड़ी बीमारी है। शुरुआती लक्षणों में से एक व्यक्ति का कई तरह से खाना छोड़ देता है। कोविड के बाद से मामले काफी अधिक देखे गए हैं।



### ऐसे बनाया था डाइट प्लान

- श्रीनंदा वजन बढ़ने को लेकर चिंतित रहती थी। उसने ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स से डाइट प्लान को फॉलो किया और खाना छोड़कर सिर्फ गर्म पानी पर निर्भर हो गई।
- वह घंटों तक कसरत करती और भोजन से परहेज करती थी। डॉक्टरों को शक है कि श्रीनंदा एनोरेक्सिया नर्वोसा नामक मानसिक बीमारी से पीड़ित थी।
- इस बीमारी में व्यक्ति खुद को मोटा समझता है, भले ही वह बेहद कम वजन का हो, और वह खाने से बचने के लिए ज्यादा डाइटिंग करता है।
- रिश्तेदारों ने बताया कि श्रीनंदा 5-6 माह से खाने से दूरी बना रही थी। उसने अपने माता-पिता से यह बात छुपाई और चुपचाप अपनी सेहत को नुकसान पहुंचाती रही।

**12 दिन वेंटिलेटर पर रही :** श्रीनंदा को गंभीर स्थिति में थलास्सेरी को-ऑपरेटिव अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां वह करीब 12 दिन तक वेंटिलेटर पर रही। डॉक्टरों के अनुसार, अस्पताल लाने के समय उसकी हालत बेहद नाजुक थी। उसका वजन मात्र 24 किलो रह गया था और उसका ब्लड शुगर, सोडियम और ब्लड प्रेशर खतरनाक लेवल तक गिर चुका था। तमाम प्रयासों के बावजूद डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके।

### क्या कहते हैं डॉक्टर्स

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि सही पोषण के लिए डाइटिशिन और डॉक्टर्स से सलाह लें। एनोरेक्सिया नर्वोसा बीमारी के मामले में मनोचिकित्सक से भी सलाह ली जा सकती है। अधिक भूखा रहने से सेहत खराब होती है और मृत्यू तक हो सकती है।

## विधानसभा बजट सत्र के दूसरे दिन कई महत्वपूर्ण फैसले, विस अध्यक्ष ने शुरू की नई प्रथा

पहले तीन मिनट का समय दिया जाता था

# अब शून्यकाल में विधायकों को बोलने के लिए मिलेंगे 5 मिनट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा बजट सत्र के दूसरे दिन एक नई प्रथा का आगाज हुआ। विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने सोमवार को शून्यकाल में बात रखने के लिए समयावधि बढ़ा दी है। नई व्यवस्था के तहत शून्यकाल में 3 मिनट की बजाय 5 मिनट तक सदस्य अपनी बात रख सकेंगे।

विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि उन्होंने गत 10 वर्षों में विधान सभा के एक सदस्य के तौर पर अनुभव किया है कि शून्यकाल को और प्रभावी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने शून्य काल की प्रथा लागू होने के घटनाक्रम के बारे में गहराई से जानने का प्रयास किया है। इस विषय पर 6 मार्च, 2025 को सर्वदलीय बैठक में विचार किया गया। कल्याण ने कहा कि वे महसूस कर रहे थे कि शून्यकाल में अपनी बात रखने के इच्छुक प्रत्येक विधायक को अधिक समय मिलना चाहिए। इसलिए अगर सभी सदस्य सहमत हो तो हम नई प्रथा की शुरुआत कर सकते हैं। इस व्यवस्था के तहत लंबे समय के सत्र में सदस्य को 3 मिनट की जगह 5 मिनट का समय दिया जाएगा। छोटी अवधि के सत्रों में लोकसभा की तर्ज पर शून्य काल में सीमित शब्दों में लिखा हुआ नोटिस पढ़ने का मौका दिया जाएगा। इससे सदस्य संक्षेप में अपने विषय सरकार के संज्ञान में ला सकते हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से आह्वान किया है कि नई व्यवस्था के तहत निर्धारित सीमा में रहकर लोकहित के विषयों पर चर्चा करें। नोटिस व इसके विषयों से हटकर बात रखने से व्यवधान पैदा हो सकता है और जनता अपने कामों से वंचित रह जाती है। इसलिए जरूरी है कि जनहित से जुड़ी बात रखने का अधिक अवसर हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

### लोकसभा में 1990 में शुरू हुआ था शून्यकाल

विधानसभा अध्यक्ष कल्याण ने सदन को बताया कि 24 अप्रैल, 1990 को लोक सभा में पहली बार इस बारे में प्रक्रिया बनायी गयी, जो 25 अप्रैल, 1990 से शुरू हुई। तब प्रत्येक सदस्य को एक मिनट तक नोटिस पढ़कर अपनी बात रखने का अवसर दिया गया। इस प्रथा को लागू करने के समय तक सदन का लगभग 14 प्रतिशत समय शून्य काल के नाम पर व्यवधान में बर्बाद होता रहा, जबकि शून्य काल लागू होने पर 1998 तक बर्बाद होने वाला समय घटकर 6.95 प्रतिशत यानि आधा रह गया। इससे सदन का समय भी बचा तथा सदस्यों को जनहित के विषय रखने का अवसर भी मिला।





### ऐसे-ऐसे अफसर बना दिए, जिन्हें दस्तखत करने अब आए : शर्मा

सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा द्वारा विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति एवं उनकी योग्यता पर उठाए गए सवाल पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में ऐसे-ऐसे लोगों को अफसर बना दिया गया, जिन्हें दस्तखत करने अब आए हैं। बजट सत्र के दौरान सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने भूपेंद्र सिंह हुड्डा और डॉ. रघुबीर कादयान द्वारा राज्यपाल अभिभाषण पर जमीन से लेकर विश्वविद्यालयों में कुलपति नियुक्ति को लेकर उठाए गए सवाल पर तंज कसे।



### सोनीपत में कमर्शियल फैसिलिटी वाला बस अड्डा बनेगा : विज

परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि सोनीपत में भूमि चिन्हित होने पर कमर्शियल फैसिलिटी के अनुसार जल्द ही बस अड्डा बनाया जाएगा। विज हरियाणा विधानसभा में बजट सत्र के दौरान लगाए गए प्रश्न के उत्तर में बोल रहे थे। अनिल विज ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पुराने बस स्टैंड, होडल को स्थानांतरिक करने की मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसरण में विभाग द्वारा होडल में नए बस स्टैंड के लिए अन्यत्र भूमि की तलाश की जा रही है। उन्होंने कहा कि जैसे ही बस स्टैंड के लिए भूमि का चयन हो जाएगा तो बस स्टैंड बनाएंगे।

सीएम ने दिया जवाब

## दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में हाईकोर्ट का आदेश पारित नहीं



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट किया कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में कोई भी आदेश पारित नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान दादूपुर नलवी नहर के निर्माण के संबंध में पूछे गए प्रश्न पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील विषय है और इस पर विपक्ष द्वारा राजनीति भी लगातार हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्यों के समय ही इस नहर के संबंध में एक्ट भी पारित किया गया था। उन्होंने कहा कि महाधिवक्ता, हरियाणा ने माननीय उच्च न्यायालय के फैसले पर अपनी राय दी है कि यह मामला भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष एसएलपी दायर करके चुनौती देने योग्य है। एसएलपी की तैयारी प्रक्रियाधीन है और महाधिवक्ता, हरियाणा से इसकी जांच कराने के बाद इसे जल्द ही प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

### प्रदेश में अपराध पर जीरो टोलरेंस' नीति

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में 'अपराध के लिए जीरो टोलरेंस' की नीति पर काम रही है। अपराधों से निपटने के लिए विशेष इकाइयों का गठन किया है तथा पुलिस बल का आधुनिकीकरण किया जा रहा है।मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में दी। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध की घटनाओं में वर्ष 2024 में 19.6 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### मेवात डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक जल्द होगी

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में मेवात क्षेत्र में प्रगति हुई है। मेवात में विकास को और गति देने के लिए शीघ्र ही मेवात डेवलपमेंट बोर्ड की बैठक की जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी विधानसभा बजट सत्र में प्रश्न काल के दौरान पूछे गए प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। उन्होंने कहा की वर्ष 2014 से पूर्व मेवात का विकास और वर्ष 2014 के बाद पिछले दस वर्षों में हुए विकास में अंतर साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री ने नूह को आकांक्षी जिला घोषित किया है।

# दमकल कर्मचारियों को मिला आश्वासन, होगा समाधान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश के अग्निशमन विभाग में कार्यरत दमकल कर्मचारियों के 15 सूत्रीय माँग पत्र को लेकर राज्य प्रधान राजिंदर सिन्द के नेतृत्व में यूनियन के 17 सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल की पंचकूला स्थित सिंचाई भवन के चौथे तल पर निदेशक अग्निशमन निदेशक शेखर विधायर्थी,संयुक्त निदेशक(टेक्निकल) के साथ हुई वार्ता। अग्निशमन निदेशक ने यूनियन को 17 मार्च तक मांगो का समाधान करने व मीटिंग कार्यवाही रिपोर्ट यूनियन को देने का दिया आश्वासन। वार्ता के बाद हरियाणा अग्निशमन कर्मचारी यूनियन ने अग्निशमन विभाग के निदेशक कार्यालय पर किये जाने वाले 18 मार्च के मांस डेपुटेशन के कार्यक्रम को रद्द करते हुए मंत्री के आवास पर 30 मार्च को दिए जाने वाले धरने एवं अन्य आंदोलन को जारी रखने का ऐलान किया। आंदोलन की तैयारी और बातचीत की समीक्षा के लिए हरियाणा अग्नि सामान कर्मचारी यूनियन की राज्य स्तरीय कन्वेंशन 23 मार्च को रोहतक में आयोजित करने का भी फैसला लिया है। प्रतिनिधि मंडल में विशेष तौर पर नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा के राज्य महासचिव मांगेराम तिगरा भी रहे शामिल।

### मर्ज किए जाएंगे कर्मी

नगरपालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा महासचिव माँगे राम तिगरा वअग्निशमन यूनियन के महासचिव सुखदेव सिंहतथा संगठनकर्ता गुलशन भारद्वाज ने बताया कि दमकल कर्मचारियों की मांगों पर निदेशक ने आश्वासन देते हुए कहा है, कि योग्यता पूरी करने वाले कच्चे दमकल कर्मचारियों को विभाग के सर्जित पद फायर ऑपरेटर पर मर्ज कर दिया जाएगा,जॉब सिक्योरिटी देने के लिए एसओपी कमेटी का गठन कर दिया है जल्द ही जॉब सुरक्षा का पत्र जारी कर दिया जाएगा,साथ लगते राज्यों से राय लेकर व पुलिस की तर्ज पर वर्दी भत्ता दिया जाएगा व अन्य भत्तों को रिवाइज किया जाएगा,पे-रोल कर्मचारियों को प्रार्थना पत्र पर उन्हें गृह जिला में पोस्टिंग दी जाएगी,फायर फाइटिंग डिप्लोमा नियमानुसार करवाया जाएगा के अलावा अन्य माँगो का एग्जामिन करवाकर समाधान किया जाएगा।

### प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद दयनीयः अदित्य

विधानसभा में इनेलो के विधायक दल नेता अदित्य देवीलाल ने सदन में प्रश्नकाल के दौरान हरियाणा में 2019 से 2024 तक महिलाओं और अनुसूचित जाति के लोगों के विरूद्ध घटित अपराध जिसमें हत्या, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, अपहरण, डकैती और लूटपाट घटनाओं को लेकर चिंता जाहिर की। अदित्य ने कहा कि आज सबसे ज्यादा भयभीत किसान हैं। सरकार की गलत नीतियों के कारण सिंचाई व्यवस्था को लेकर सबसे ज्यादा मार किसानों को पड़ रही है।

### कुलपति ने 5 हजार में खरीदा अवार्ड : अर्जुन

विधायक अर्जुन चौटाला ने हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर द्वारा 5000 रुपये में खरीदे गए स्वामीनाथन अवार्ड की गलत सूचना देने और एमबीबीएस के पेपर लीक का मुद्दा पूरे जोरशोर से उठाया। उन्होंने कहा कि एचएयू के वाइस चांसलर ने बेहद प्रतिष्ठित स्वामीनाथन अवार्ड को उन्हें मिलने का गलत तरीके से भ्रामक प्रचार किया।विडंबना यह है कि इसकी तारीफ मुख्यमंत्री तक ने की और इस भ्रामक प्रचार को बीजेपी ने भी आगे बढ़ाया।

### 3 वर्षों में कुल 2054.61 करोड़ जारी : आरती

स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि प्रदेश में "आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना" तथा चिरायु योजना के लाभार्थियों के निःशुल्क इनडोर स्वास्थ्य देखभाल हेतु पिछले 3 वर्षों में कुल 2054.61 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्री विधानसभा सत्र के दौरान सदन के सदस्य द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब दे रही थी। आरती सिंह राव ने बताया कि फिलहाल आयुष्मान भारत - प्रधानमंत्री जनआरोग्य योजना" के तहत 12,12,922 परिवार हैं।

### 25 कि.मी. तक खेतों के रास्ते पक्के किए : पंवार

हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि 'मुख्यमंत्री खेत खलिहान सड़क योजना' के तहत हर विधानसभा क्षेत्र में 25 किलोमीटर तक खेतों के कच्चे रास्तों को पक्का करने का प्रावधान है। अब तक 90 विधानसभा क्षेत्र में 3580.44 किलोमीटर के रास्तों को पक्का किया है। इस पर 63931.1 लाख की राशि जारी की गई है। पंवार हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक उमेद सिंह द्वारा पूछे सवाल का जवाब दे रहे थे।

### उल्लंघन करने पर 15 क्रेशर बंद किए : नरबीर

हरियाणा के पर्यावरण, वन और वन्य प्राणी मंत्री राव नरबीर सिंह ने बताया कि महेन्द्रगढ़ के नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में हरियाणा राज्य प्रदूषण बोर्ड की कुल 81 स्टोन क्रेशर चल रहे हैं। राव नरबीर सिंह हरियाणा विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान विधायक मंजू चौधरी के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि नांगल चौधरी विस क्षेत्र में क्रेशर मानकों की पालना कर रहे हैं। 15 स्टोन क्रेशर 2 वर्ष पहले मानकों की पालना न करने पर बंद कर दिए थे।

### नारनौल में पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक बनेगा : राणा

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल में राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक का निर्माण किया जाएगा जिस पर 10.81 करोड़ खर्च होंगे। कृषि मंत्री आज सदन में एक सदस्य द्वारा उठाये गए सवाल का जवाब दे रहे थे। श्याम सिंह राणा ने बताया कि राजकीय पशु चिकित्सा पॉलीक्लिनिक के निर्माण के लिए आवश्यक 3 एकड़ भूमि उपलब्ध है।

BREEZ BUILDERS & DEVELOPERS
BREEZ BUILDERS AND DEVELOPERS PVT. LTD.

उन आवेदकों की सूची जिन्होंने मांग की तारीख से 15 दिनों के बाद उन्हें जारी नोटिस के बावजूद भुगतान नहीं किया है। निम्नलिखित आवेदकों को इस रद्दीकरण को रोकने के लिये इस विज्ञापन के माध्यम से 15 दिनों के भीतर शेष राशि जमा करने के लिये सूचित किया जाता है। सभी आवेदकों जिनके भुगतान निश्चित समय के भीतर प्राप्त नहीं किये जाते हैं, उन्हें आवंटित फ्लैटों का अफोर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013 के अनुसार आवंटन रद्द कर दिया जाएगा।

GCC Infra
Global City Centre 88A
(License No 77 of 2021)

| Application No. |
|---|
| G-11 |
| F-11 |
| F-18 |


नोटः पहले ही भुगतान किये जाने पर सावधानी से अनदेखा करें।

Registered Office: P903-905, C Wing, 9th floor, JMD MEGAPOLIS, Sector-48, Sohna Road, Gurugram
Ph: 0124 2659076 / 77 / 78

कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय सोनीपत।

मु.न. 37 दिनांक 01/03/2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना गोहाना जिला सोनीपत।

गुमशुदा की पहचान



नाम-निशांन्त ।
पिता का नाम- सुरेश कुमार।
पता - वासी गांव माहरा जिला सोनीपत ।
उम्र- 26 वर्ष ।
कद-5 फुट 7 ईन्च ।
हुलियाः रंग सांवला, मजबुत शरीर, गोल चेहरा, काले-लम्बे बाल ।
पहनावाः चैकदार कमीज नीले रंग की पैंट व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निशांन्त पुत्र सुरेश कुमार गांव माहरा जिला सोनीपत । दिनांक 01-03-2025 से लापता हैं। जो अब तक अपने घर वापिस नहीं आया है। जिस सम्बंध में मुकदमा उपरोक्त दर्ज रजिस्टर है। अगर उपरोक्त गुमशुदगी बारे किसी व्यक्ति को कोई सूचना मिले तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे।

प्रबन्धक थाना-7419410543
अनुसंधान कर्ता मो. नं.- 9468152723
कन्ट्रोल रुम सोनीपत- 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेख अधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत।

पीआरडीएच-1084/11/3175/2025/32704/88/6 दि. 10.03.25

## भाजपा ने हरियाणा गो सेवा आयोग के बजट को बढ़ाकर 500 करोड़ रुपये किया : मोहनलाल बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंडीगढ़/नूंह

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने सनातन संस्कृति की रक्षा और गौ सेवा को प्राथमिकता दी है। गौमाता की सुरक्षा के लिए प्रदेश में गोशालाएं और नंदीशालाओं का निर्माण कराया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सोमवार को मेवात में वीर भगत सिंह गौशाला पहुंचे और वार्षिक महोत्सव में शिरकत की। इस मौके पर श्री बड़ौली ने प्रदेश के लोगों को होली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कांग्रेस व अन्य पार्टियों से आए लगभग 20 लोगों को भाजपा में शामिल कराया और उनका भाजपा में स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा सरकार गौसेवा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा कि 2014-15 में हरियाणा गौ सेवा आयोग के लिए केवल 2 करोड़ रुपये का बजट था। हरियाणा की देवतूल्य जनता ने भाजपा की सरकार बनाई और हमारी सरकार ने बजट को बढ़ाकर 510 करोड़ रुपये कर दिया। श्री बड़ौली ने कहा कि वर्ष 2014 तक हरियाणा में 215 पंजीकृत गौशालाओं में केवल 1 लाख 74 हजार गोवंश थे। लेकिन इस समय प्रदेश में 683 पंजीकृत गौशालाएं हैं, जिनमें लगभग 4 लाख 50 हजार गोवंश का पालन-पोषण हो रहा है।



### हरियाणा जल्द ही कांग्रेस मुक्त हो जाएगा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली भाजपा कार्यालय झिरकमल पहुंचे और कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। यहां श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है और कार्यकर्ताओं की मेहनत के दम पर लगातार चुनाव जीत रही है। श्री बड़ौली ने दावा करते हुए निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय है। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधा। बड़ौली ने कहा कि कांग्रेस अपने संगठन का विस्तार तक नहीं कर पाई है। हरियाणा जल्द ही कांग्रेस मुक्त हो जाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने नवनियुक्त मंडलाध्यक्षों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन को और अधिक मजबूत बनाने की बात भी कही।

### सीआईएसएफ इकाई में रक्तदान शिविर लगाया

**चंडीगढ़।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर आज पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय की सीआईएसएफ इकाई की ओर से मेगा रक्तदान शिविर और आंखें के जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का आयोजन पंजाब एवं हरियाणा सिविल सचिवालय के प्रांगण में किया गया। शिविर का उद्घाटन हरियाणा सरकार के विशेष सचिव स्थापना श्री संवर्तक सिंह द्वारा पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान सचिवालय के कर्मचारियों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। चिकित्सकों ने दृश्य तीक्ष्णता की जांच की और नेत्र स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर श्री संवर्तक सिंह ने रक्तदान के लाभों पर प्रकाश डाला और सामाजिक कल्याण में सीआईएसएफ की भूमिका की सराहना की। पीजीआई से डॉ. संगीता ने कर्मियों को रक्तदान के लाभों के बारे में जानकारी दी।शिविर का आयोजन चंडीगढ़ रेड क्रॉस सोसाइटी, पीजीआई के ट्रांस्फ्यूशन विभाग, अग्रवाल आई हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया।

### दस साल में हरियाणा को केंद्र से क्या मिला, यह बताने को भाजपा के पास कुछ भी नहीं : सैलजा

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि पिछले दस सालों से अधिक समय से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार है, प्रदेश सरकार बताए कि इस अवधि में केंद्र सरकार से वह क्या लेकर आई है और केंद्र ने कौन सा बड़ा प्रोजेक्ट हरियाणा को दिया है, न डबल इंजन की सरकार में कुछ मिला और न ही अब कुछ मिलने की संभावना है। साथ ही सैलजा ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का जनाजा निकल चुका है ऐसे में महिलाओं, बच्चों खासकर लड़कियों को और चौकन्ना रहने की जरूरत है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि दस साल के कार्यकाल में भाजपा किसानों और मजदूरों के प्रति पूरी तरह से उदासीन रही, वह किसानों और मजदूरों को लेकर बातें तो करती रही पर उसने किया कुछ भी नहीं। पहले सरकार कहती है कि फसल को ब्यौरा मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर जाकर पंजीकृत करवाओ, फसल खराब हो जाए तो पोर्टल पर दर्ज करवाओं फिर कहा जाता है कि नुकसान का आंकलन सरकार खुद करेगी।

### 'जेंडर, आइडेंटिटी एंड रेसिस्टेंस पर सत्र में दी जानकारी

**चंडीगढ़।** मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय, चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर अंग्रेज़ी विभाग के तत्वावधान में कार्यरत एक्सप्रेशंस – लिटरेरी सोसाइटी, ने 'जेंडर, आइडेंटिटी एंड रेसिस्टेंसः अमृता प्रीतम एंड पिंजर', विषय पर एक विचारोत्तेजक सत्र का आयोजन किया। बी.ए. प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित 'विभाजन साहित्य' मूल्यवर्धित पाठ्यक्रम के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य साहित्य, कविता और सिनेमा के माध्यम से विभाजन की गहन समझ विकसित करना था।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन मिरान (हिसार) में सम्बद्ध फाउंडेशंस सहित 5.436 एमवीएआर 33 केवी कैपेसिटर बैंक का निर्माण। | 06.03.2025 17.03.2025 | 3.72 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | 132 केवी सब स्टेशन चरखी दादरी-1 में सम्बद्ध फाउंडेशंस सहित 5.436 एमवीएआर 33 केवी कैपेसिटर बैंक का निर्माण। | 06.03.2025 17.03.2025 | 3.74 लाख | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 3 | एचवीपीएनएल | एक वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एसडीओ / निर्माण, एचवीपीएनएल भिवानी के लिए 07-टन क्षमता वाले अनुबंध आधार पर चालक सहित एक ट्रक (अधिमानतः फुल बॉडी) की आपूर्ति। | 05.03.2025 13.03.2025 | 1.31 लाख (जीएसटी अतिरिक्त) | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/60/32712/I/88/6 दि. 10.03.25

हरियाणा के राज्यगीत' के लेखक डॉ. बालकिशन शर्मा ने दावा किया

# राज्यगीत मेरी रचना, किसी की नकल नहीं

■ आरोप लगाने वाली लेखिका ने अपने गीत की लेखन की तिथि 29, जनवरी, 2024 दर्शायी है जबकि मेरा लिखा गीत 29 सितम्बर, 2021 से भी पहले का

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा के राज्यगीत के लेखक डॉ. बालकिशन शर्मा ने दावा किया है कि सरकार द्वारा चयनित गीत उनकी स्वयं की मौलिक रचना है, उन्होंने किसी भी अन्य लेखक की रचना से नकल नहीं की है। यहां जारी बयान में डॉ. शर्मा ने कहा है कि मीडिया के माध्यम से कुछ लोगों ने जो दावा किया है कि उक्त राज्यगीत मैंने उनकी रचना की नक़ल की है , वह सरासर निराधार एवं बेबुनियाद है। उन्होंने कहा कि कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग, हरियाणा द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से लेखकों, कवियों, रचनाकारों से 'राज्यगीत' आमंत्रित किए गए थे, जिन्हें भेजने की अंतिम तिथि 30 सितम्बर, 2021 थी। मैंने अपना राज्यगीत विभाग को ई-मेल द्वारा अंतिम तिथि से पूर्व ही भेज दिया था। लेखक डॉ. बालकिशन शर्मा का कहना है कि उनको गत 4 अगस्त, 2023 को कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग द्वारा भेजे गए पत्र के माध्यम से सूचित किया गया कि मेरा गीत उच्च स्तरीय कमेटी द्वारा चयनित सात श्रेष्ठ गीतों में से एक है। सातों गीतों को संगीतबद्ध कराने के पश्चात पुनः उच्च स्तरीय कमेटी ने उनमें से तीन गीतों का चयन किया।

इन तीन गीतों में भी मेरा गीत शामिल था। ये तीनों गीत दिसम्बर, 2023 के विधानसभा-सत्र मे सुनाए गए तथा विधायक लक्ष्मण सिंह यादव की अध्यक्षता में किसी एक गीत को फाइनल करने के लिए कमेटी गठित की गई।



लेखक डॉ. बालकिशन शर्मा

### समझ से परे आरोप

मुझे समाचार-पत्रों के माध्यम से ही ज्ञात हुआ कि कई बैठकों के बाद कमेटी ने मेरा गीत फाइनल किया है। डॉ. शर्मा ने कहा कि मेरे द्वारा लिखे राज्यगीत पर नकल का आरोप लगाने वाली लेखिका ने अपने गीत की जो हस्तलिखित प्रति प्रचारित की है उसमें लेखन की तिथि 29, जनवरी, 2024 दर्शायी है जबकि मेरा लिखा गीत 29 सितम्बर, 2021 से भी पहले का है। वह सन 2024 में लिखे गीत की नकल कैसे हो सकता है, समझ से परे है।

Government of Haryana/ हरियाणा सरकार
District, Food, Civil Supplies & Consumer Affairs Controller, Kaithal
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियन्त्रक, कैथल

श्रम एवं ढुलाई/परिवहन के कार्य हेतु निविदा सूचना।

रबी व खरीफ सीजन वर्ष 2025-26 के दौरान कैथल जिले की सभी मण्डियों में खाद्यान्न एवं स्टॉक आर्टिकल्ज के श्रम एवं ढुलाई व परिवहन के कार्य हेतू सभी खरीद एजेन्सियों के लिए श्रम एवं दुलाई/परिवहन ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदाएँ पुनः आमन्त्रित हैं। उपरोक्त निविदाएँ निम्न प्रकार से नीचे वर्णित निर्धारित तिथि, समय व स्थान पर आमन्त्रित हैं।

| क्रं. सं. | कार्य का नाम | Calling of Tender | Closing of Tender | Opening of Tenhnical Bid & Checking Documents | Opening of Fincncial Bid, Negotiation & Finalizaton | टैण्डर का स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परिवहन | 11.03.2025 09:00 AM | 17.03.2025 09:00 AM | 17.03.2025 10:00 AM | 18.03.2025 01:00 PM | कार्यालय हॉल मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद कैथल |
| 2. | श्रम एवं ढुलाई | 11.03.2025 09:00 AM | 17.03.2025 09:00 AM | 17.03.2025 10:00 AM | 18.03.2025 01:00 PM | |

1. विस्तृत जानकारी जिला खाद्य एवं पूर्ति नियन्त्रक, कैथल/जिला प्रबन्धक, हैंफड व एच०डबल्यू०सी० कैथल के कार्यालय से प्रातः 9:00 से सांय 5:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में तथा Website https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app से ली जा सकती है ।
2. जिला निविदा समिति बिना किसी को कारण बताए किसी भी/सभी निविदाओं को स्वीकार/रद्ध करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है। निविदा समिति द्वारा निविदा की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात किसी संचालन हेतू दर की आगे वृद्धि हेतू कोई निवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।
3. इसके अतिरिक्त टैण्डरदाता द्वारा अपलोड किए गए दस्तावेजों में से कोई प्रति स्पष्ट नजर नहीं आती है, तो वह दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा।
4. सभी टैण्डरदात्ता अपने-अपने दस्तावेजों का जो पोर्टल पर अपलोड किए जाएंगें, उनका एक क्रमांक वाईज इन्डैक्स तैयार करके व सभी दस्तावेजों पर पेज नम्बर लगांएगें तथा इन्डैक्स में यह भी दर्शाया जाए कि किस पेज नम्बर पर कौन से दस्तोवज लगाए गए हैं।

हस्ता/-
जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक, कैथल।
दूरभाष नं.-01746-224243

पीआरडीएच-1042/11/68/2025/32707/88/6 दि. 10.03.25

## खबर संक्षेप

### रेवाड़ीः कार की टक्कर से युवक की मौत

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी बस स्टैंड के पास इनोवा कार की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। काठूवास निवासी पुनीत अपने चाचा लक्ष्मण के साथ पैदल खेत से घर की ओर जा रहा था। जब बोलनी के पास वह सड़क पार करने लगा तो एक इनोवा कार ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में पुनीत गंभीर रूप से घायल हो गया। लक्ष्मण ने उसे रेवाड़ी ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### डेबिट कार्ड बदलकर 2.03 लाख निकाले

**गुरुग्राम।** बिलासपुर थाना एरिया में जालसाज ने डैबिट कार्ड बदलकर एक व्यक्ति को 2,03,184 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। पुलिस को दी शिकायत में एमपी के पन्ना निवासी लटीरी चौधरी ने कहा कि वह बोहड़ाकला में अपने परिवार सहित किराए पर रहता है। उनका बोहड़ाकला स्थित केनरा बैंक की ब्रांच में अकाउंट है। बीती 22 फरवरी को उन्हें घर में रुपए की जरूरत थी।

### बहन की सगाई में आए युवक की हादसे में मौत

**रेवाड़ी।** दिल्ली के महिपालपुर का रहने वाला विशाल सहरावत बावल में अपनी बहन की सगाई के लिए आया हुआ था। गाड़ी में उसके साथ चार दोस्त भी थे। सगाई के बाद वह गाड़ी से वापस दिल्ली की ओर जा रहा था। साबन फ्लाईओवर के पास विशाल ने लघुशंका के लिए गाड़ी रुकवा ली। जैसे ही वह गाड़ी से उतरकर जाने लगा, एक तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी। इस हादसे में विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्तों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### कैंटर से टकराने पर बाइक सवार की मौत

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 एरिया में बिना इंडीकेटर दिए रोड़ पर खड़े कैंटर से टकराने पर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। युवक एक वाईन स्टोर पर शॉप पर काम करता था और स्टोर का सामान लेकर दिल्ली के मांडी बार्डर से आ रहा था। पुलिस ने चालक पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरु कर दी।

### भाई को धमकी देने वाला अवैध पिस्टल सहित काबू

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-1 एरिया के बंधवाड़ी में अवैध पिस्टल लेकर भाई को धमकी देने वाले आरोपी को पुलिस ने काबू कर लिया। पुलिस ने आरोपी से अवैध पिस्टल बरामद कर केस दर्ज कर लिया। दरअसल, बंधवाड़ी में रहने वाले राजबीर का छोटा भाई सुक्कन रविवार की सांय अपने बच्चों के साथ गाली-गलौच कर रहा था। राजबीर ने ऐतराज जताया तो वह उसके साथ भी झगड़ा करने लगा।

### गांजा सप्लाई करने पर 10 वर्ष की कैद

**गुरुग्राम।** अवैध गांजा मामले में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने सोमवार को एक नाबालिग आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को 10 वर्ष की कैद (कठोर कारावास) और एक लाख रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। उद्योग विहार थाना क्षेत्र में 14 अप्रैल 2020 को इलेक्ट्रॉनिक सिटी सेक्टर-18 से एक दुकान से दो युवकों को 107 किलोग्राम गांजा सहित गिरफ्तार किया था। अवैध गांजा बरामद किए जाने पर आरोपियों के खिलाफ थाना उद्योग विहार एनडीपीएस एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया।

### ऑटो चालक की हत्या में दो इंजीनियर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** डीएलएफ फेज-3 में ऑटो को हटाने को लेकर हुए विवाद में ऑटो चालक से मारपीट कर हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी दो इंजीनियर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने ऑटो चालक के साथ बेरहमी से मारपीट की। जिसमें गंभीर रूप से घायल हुए ऑटो चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और कार्रवाई शुरु कर दी। गया निवासी 21 वर्षीय सोनू गुरुग्राम में ऑटो चलाता था।

---

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति मुर्मू से 2090 छात्रों ने ली डिग्रियां

# शिक्षा मनुष्य के भीतर नैतिकता, करुणा और सहिष्णुता जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का भी साधन : राष्ट्रपति

दीप प्रज्वलन






हिसार। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को स्मृति चिन्ह भेंट करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।



हिसार। दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्राप्त करने वाले विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

- छात्रों से रोजगार पाने की मानसिकता के बजाय रोजगार पैदा करने की मानसिकता अपनाने का आग्रह
- उद्यमशीलता की मानसिकता अवसरों की पहचान करने जोखिम उठाने और समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने में सक्षम बनाएगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्यार्थियों से कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान और कौशल हासिल करने का साधन नहीं है। शिक्षा मनुष्य के भीतर नैतिकता, करुणा और सहिष्णुता जैसे जीवन मूल्यों को विकसित करने का भी साधन है। शिक्षा व्यक्ति को रोजगार के योग्य बनाती है और साथ ही सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक भी बनाती है। राष्ट्रपति सोमवार को गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि उद्यमिता विद्यार्थियों को सामाजिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में मदद कर सकती है। उद्यमशीलता की मानसिकता उन्हें अवसरों की पहचान करने, जोखिम उठाने और मौजूदा समस्याओं के रचनात्मक समाधान खोजने में सक्षम बनाएगी। एक उद्यमी के रूप में, वे अपने अभिनव विचारों के माध्यम से सामाजिक समस्याओं का समाधान ढूंढ सकते हैं और समाज की प्रगति में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने छात्रों से रोजगार पाने की मानसिकता के बजाय रोजगार पैदा करने की मानसिकता अपनाने का आग्रह किया।

### गुरु जम्भेश्वर जी महाराज को किया याद

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि गुरु जम्भेश्वर जी, जिनके सम्मान में इस विश्वविद्यालय का नाम रखा गया है, एक महान संत और दार्शनिक थे। वे वैज्ञानिक सोच, नैतिक जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण के प्रबल समर्थक थे। उनका मानना था कि प्रकृति की रक्षा करना, सभी जीवों के प्रति दया और करुणा रखना तथा उन्हें संरक्षण प्रदान करना मनुष्य की नैतिक जिम्मेदारी है। आज जब हम पर्यावरण संबंधी समस्याओं का समाधान खोजने का प्रयास कर रहे हैं, तो गुरु जम्भेश्वर जी की शिक्षाएं बहुत प्रासंगिक हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस विश्वविद्यालय के शिक्षक और विद्यार्थी गुरु जम्भेश्वर जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज और देश की प्रगति में अपना योगदान देते रहेंगे।

### 564 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए

कुलपति ने बताया कि विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह में कुल 2090 डिग्रियां दी गई हैं। इनमें से 561 पीएचडी की डिग्रियां हैं। इसके साथ ही 564 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल भी प्रदान किए गए हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की कुल संख्या में से 60 प्रतिशत से अधिक विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं।

### ज्ञान और नवाचार की शक्ति, चुनौतियों को अवसरों में बदल सकती है: राज्यपाल

हरियाणा के राज्यपाल एवं गुजवि के कुलाधिपति बंडारू दत्तात्रेय ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में विद्यार्थियों से कहा कि यह दिन केवल एक डिग्री प्राप्त करने का नहीं, बल्कि एक नई यात्रा के प्रारंभ का प्रतीक है। यह क्षण आपके जीवन की उस मेहनत और संघर्ष की स्वीकृति है जो आपने वर्षों तक अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए की है। हमें एक ऐसे समय में हैं जहां जलवायु परिवर्तन, तकनीकी क्रांति और आर्थिक परिवर्तन जैसी चुनौतियां हमारे सामने हैं। आपके ज्ञान और नवाचार की शक्ति इन चुनौतियों को अवसरों में बदल सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आज की दुनिया पूरी तरह प्रौद्योगिकी पर निर्भर हो गई है। गुजविप्रौवि ने आपको इस तकनीकी दुनिया के लिए अच्छी तरह तैयार किया है। आपने जो शिक्षण व प्रशिक्षण प्राप्त किया है वह आपको भविष्य की चुनौतियों से निपटने में मदद करेगा। राज्यपाल ने विद्यार्थियों से कहा कि वे नई तकनीकों के साथ आगे बढ़े। रोजगार के बेहतर अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि उन्हें नौकरी ढूंढने वाला नहीं, नौकरी देने वाला बनना चाहिए।

### इंद्रेश कुमार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि




गुजवि द्वारा डॉ. इंद्रेश कुमार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सक्रिय सदस्य के रूप में इंद्रेश कुमार आधी शताब्दी से भी अधिक समय से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उनके महत्वपूर्ण कार्यों में चार लाख कश्मीरी विस्थापितों का पुनर्वास, हिंदू मुस्लिम समरसता के प्रति राष्ट्रीय मुस्लिम मंच की स्थापना, गरीब व आम आदमी के उपचार के लिए विवेकानंद अस्पताल की स्थापना, बालिका निकेतन की स्थापना, सैनिकों व उनके परिवारों को सहायता दिलवाना, गंगा स्वच्छता जनजागरण अभियान चलाना आदि शामिल हैं।

### ब्लॉक चेन तकनीक पर डिग्रियां प्रदान की

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने अपने सम्बोधन में कहा कि गुजवि ब्लॉक चेन तकनीक पर आधारित डिग्रियां प्रदान करने वाला प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। इस तकनीक से डिग्रियां देने की शुरुआत आज के दीक्षांत समारोह से ही हो रही है। जैसे ही राष्ट्रपति दीक्षांत समारोह में डिग्रियां प्रदान करना शुरू करेंगी, डिग्रीधारकों की मेल पर ब्लॉक चेन पर आधारित डिग्री की सॉफ्ट कॉपी भी पहुंच जाएगी। ब्लॉक चेन पर आधारित डिग्री को डिजिटल रूप से सुरक्षित किया गया है, जिससे उनकी डिग्री किसी भी प्रकार के बदलाव या धोखाधड़ी से सुरक्षित होगी।

### ये मौजूद रहे

दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक शोभा यात्रा का नेतृत्व कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति की पुत्री इतिश्री मुर्मु, राष्ट्रपति के अतिरिक्त सचिव डॉ. राकेश गुप्ता, सेना सचिव मेजर जनरल वुदेव परीढा, वीसीएम, ओएसडी रिसर्चद् सुनील के. तिवारी, अतिरिक्त प्रेस सचिव बजाया कुमार नायक, कम्पट्रोलर कैप्टन आईएन आर.एस. रणधावा, ओएसडी मृतुंजय शर्मा, उप प्रेस सचिव नविका गुप्ता के अतिरिक्त विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अशोक सैनी एवं विश्वविद्यालय की प्रथम महिला डॉ. वंदना बिश्नोई उपस्थित रहे।

---

*अनुचित साधन प्रयोग के 63 मामले दर्ज, डींग केन्द्र की परीक्षा रद*

## बोर्ड परीक्षाः ड्यूटी में कोताही बरतने पर 5 पर्यवेक्षक किए कार्यभार मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय)तथा डीएलएड (रि-अपीयर) की परीक्षाएं नकल-रहित, सुव्यवस्थित व शान्तिपूर्वक ढ़ंग से संचालित हुई। गठित उडऩदस्तों द्वारा निरीक्षण के दौरान कुछ परीक्षा केन्द्रों पर अनुचित साधन के कुल 63 मामले दर्ज किए गए, जिसमें प्रतिरूपण के 02 मामले शामिल है। परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही बरतने के कारण 05 पर्यवेक्षक कार्यभार मुक्त किए गए। सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) की इतिहास एवं जीव विज्ञान विषय की परीक्षा में 1,10,612 परीक्षार्थी तथा डीएलएड(रि-अपीयर) की विषय की परीक्षा में 1346 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष प्रो. पवन कुमार शर्मा ने बताया कि उनके स्वयं के उड़नदस्ते द्वारा जिला-हिसार के परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र राकवमावि, हिसार-8, नजदीक सुशीला भवन पर नकल का 01 मामला पकड़ा। शेष परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षा नकल-रहित व शान्तिपूर्वक चल रही थी। उन्होंने बताया कि बोर्ड उपाध्यक्ष के उडऩदस्ते द्वारा जिला-भिवानी व हिसार के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा सुचारू रूप से चल रही थी।उन्होंने बताया कि बोर्ड सचिव के उडऩदस्ते द्वारा जिला-सिरसा के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां परीक्षा केन्द्र रावमावि, डींग पर अनुचित साधन के 4 केस दर्ज किए। इस केन्द्र पर प्रश्न-पत्रों पर बहु-विकल्पीय प्रश्नों के उत्तरों पर निशान लगे हुए मिले।

*सिरसा रोड पर खुइयां के पास हादसा*

## डबवालीः कार की बाइक से टक्कर, मां-बेटी की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली




सिरसा रोड पर गांव खुइयां मलकाना से कुछ दूरी पर सोमवार को मोटरसाइकिल को कार ने पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार एक महिला सफीना व उस की ढाई वर्ष की बेटी सजीना की मौत हो गई, जबकि 6 माह का बेटा इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। मूल रूप से फैजाबाद व हाल में डबवाली के मालवा बाईपास क्षेत्र का रहने वाला स्माइल अपनी पत्नी सफीना व बच्चों के साथ चोरमार से डबवाली आ रहा था। गांव खुईयां के पास एक कार ने उनके बाइक को टक्कर मार दी। हादसा जबरदस्त था जिसमें स्माइल की पत्नी सफीना व उसकी बेटी की मौत हो गई। जबकि बेटा इमरान व खुद स्माइल घायल हो गए।

*भिवानी में वारदात से हड़कंप*

## सर्राफा व्यापारी का अपहरण चोट मारकर किया जख्मी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



रविवार रात अज्ञात व्यक्ति ने बाड़ी मोहल्ला के सर्राफा व्यापारी सुनील कोकड़ा का अपहरण कर लिया। पूरी रात परिजन व्यापारी की तलाश में जुटे रहे। अल सुबह व्यापारी के बेटे के मोबाइल फोन पर पैसे ट्रांसफर करने का मैसेज आया तो पता चला। उसके बाद पीड़ित परिवार ने जिस फोन पर पैसे ट्रांसफार हुए। उस पर सम्पर्क साधा गया तो मामले की जानकारी मिली। बाद में पीड़ितों ने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी हंसराज को हिरासत में ले लिया। अपहरण कर्ताओं के चंगुल से निकलकर सर्राफा व्यापारी अस्पताल में पहुंच गया। फिलहाल पीड़ित अस्पताल में उपचाराधीन है।

## कुटिया की आड़ में अफीम की खेती करने वाला दबोचा

- 10 किलो 200 ग्राम अफीम के हरे पौधे बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली



सीआईए डबवाली पुलिस ने गश्त के दौरान गांव तखतमल से तारूआना रोड पर बनी कुटिया से एक व्यक्ति को 10 किलो 200 ग्राम अफीम के हरे पौधों सहित काबू किया है। सीआईए डबवाली प्रभारी ने बताया कि एएसआई बलवान सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम गश्त के दौरान नाका तख्तमल पर मौजूद थी। इस दौरान पुलिस ने आरोपी गुरतेज सिंह उर्फ पप्पी बाबा ने गांव तखतमल से तारूआना रोड पर बनी कुटिया में अफीम के पौधे उगा रखे हैं जिनकी देखभाल खुद गुरतेज सिंह उर्फ पप्पी बाबा उक्त ही करता है। पुलिस ने तखतमल से तारूआना रोड पर बनी कुटिया (भोला बाबा) में आए। कुटिया में गेहूं के खेत के साथ खाली पड़ी जगह में हरे पौधे लगे हुए थे।

*ड्रग विभाग ने मेडिकल स्टोर पर मारा छापा*

## अलग-अलग 94 प्रकार की दवाइयों को किया सीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला औषधि विभाग की टीम ने शहर कालांवाली में रेलवे स्टेशन के पास एक मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया। ड्रग इंस्पेक्टर केशव वशिष्ट के अनुसार मेडिकल अवैध रूप से चल रहा था।

उसके पास ना ही कोई लाइसेंस मौजूद था। इस दौरान विभाग की ओर से मेडिकल में मिली अलग-अलग प्रकार की 94 प्रकार की दवाइयों को सीज कर दिया है। अब विभाग की ओर से माननीय कोर्ट से कस्टडी आर्डर लेकर नोटिस जारी किया जाएगा और आगामी कार्रवाई की जाएगी। जिला औषधि विभाग के ड्रग इंस्पेक्टर केशव वशिष्ट ने बताया कि नशे को लेकर सरकार व प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। विभाग की ओर से गांव व शहर में रोजाना मेडिकल स्टोर पर छापामारी की जा रही है। इन मेडिकल स्टोर पर कोई भी प्रतिबंधित दवाइयां मिलने पर और बिना लाइसेंस अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

*हकृवि में इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम*

## हकृवि व पोलैंड के बीच शोध व नवाचार से खुलेंगे नए रास्ते : प्रो. बीआर काम्बोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज के साथ पोलैंड प्रतिनिधियों की टीम व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में पांच दिवसीय इंडो-पोलिश अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान वैज्ञानिकों एवं शोधार्थियों ने सतत कृषि पद्धतियां, मृदा स्वास्थ्य और जीवाणु प्रौद्योगिकी सहित कृषि क्षेत्र से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान दिए। मानव संसाधन प्रबंधन निदेशालय, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय सेल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए इस प्रशिक्षण के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज मुख्य अतिथि रहे। प्रो. काम्बोज ने सोमवार को अपने संबोधन में कहा कि पोलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ वारसॉ व हकृवि के बीच संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा, जिससे शोध के नए अवसर खुलेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल अकादमिक और व्यावसायिक दृष्टि से लाभकारी रहेगा बल्कि दोनों संस्थाओं के बीच शोध और नवाचार के नए रास्ते भी खुलेंगे।

---

**सबके लिए नियम एक** | यातायात पुलिस के सामने नहीं चली अफसरगिरी

## मैं तहसीलदार हूं! गलत साइड से गाड़ी चला रहे ढांड के अफसर का पुलिस ने काटा चालान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

शहर के करनाल रोड पर सोमवार को ढांड के तहसीलदार अचिन रेलवे फाटक पर लंबी कतार देखकर रॉग साइड से निकलने लगे, लेकिन यातायात पुलिस ने उन्हें मौके पर ही रोक लिया और 500 रुपये का चालान काट दिया। तहसीलदार ने परिचय दिया, लेकिन पुलिस ने साफ किया कि कानून सबके लिए बराबर है। दरअसल, तहसीलदार अचिन सोमवार सुबह अपनी निजी गाड़ी में लघु सचिवालय कैथल जा रहे थे। सुबह करीब साढ़े बजे जब वे रेलवे फाटक पर पहुंचे तो वहां पहले से लगी गाड़ियों की लंबी लाइन देखकर उन्होंने शॉर्टकट अपनाने की सोची इस पर पुलिसकर्मियों ने न सिर्फ तहसीलदार की गाड़ी रोकी और चालान काट दिया।



कैथल। नायब तहसीलदार की गाड़ी का चालान करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### दबाव बनाने की कोशिश बेकार गई

तहसीलदार ने पुलिस टीम को अपना ओहदा बताया, लेकिन पुलिस अपनी ड्यूटी से टस से मस नहीं हुई। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार उन्होंने दबाव बनाने की कोशिश भी की, लेकिन यातायात पुलिस नियमों के पालन पर अडिग रही। अंत तहसीलदार को चालान भरना पड़ा, तब जाकर उनकी गाड़ी छोड़ी गई।

### कानून सबके लिए समान

ट्रैफिक एसएचओ राजकुमार राणा ने कहा कि रेलवे फाटक पर नियम तोड़ने से हादसे बढ़ रहे हैं। इसलिए पुलिस इस इलाके में सख्त निगरानी कर रही है। कानून सबके लिए समान है, चाहे कोई भी हो। ट्रैफिक नियमों का पालन करें और सुरक्षित यात्रा करें।

### पहले भी कट चुके हैं चालान

बता दें कि कैथल की यातायात थाना की पुलिस पहले भी रसूखदारों पर कार्रवाई कर चुकी है। कुछ समय पहले यातायात थाना प्रभारी एसएचओ राजकुमार राणा ने सीआईडी डिस्ट्रिक्ट इंचार्ज के बेटे का 17 हजार रुपये का चालान काटा था, जिससे पुलिस विभाग में खलबली मच गई थी। इस मामले में एसएचओ और एक सब-इंस्पेक्टर के बीच बहस तक हो गई थी।

### विवादो में रहे अफसर

बता दें कि ढांड का नायब तहसीलदार अचिन इससे पूर्व भी कर्इ बार विवादों में रह चुका है। उनका कार्यालय में देर से आने तथा सही व्यवहार न करने के कारण भाकियू द्वारा उनके खिलाफ धरना व प्रदर्शन किया जा चुका है। इससे पूर्व भी उन पर कर्इ बार आरोप लग चुके हैं।

## नशे की ओवर डोज से एक की मौत, दूसरा अचेत

- डबवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्जकर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

पुलिस ने सिखावाली ढाणी चौटाला निवासी लखविंद्र सिंह पुत्र करनैल सिंह की शिकायत पर चार लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105, 123 व 61 के तहत मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में लखविंद्र सिंह उर्फ मिठा पुत्र करनैल सिंह ने बताया कि वह दिहाड़ी मजदूरी करता है। उसने बताया कि 8 मार्च को उसके भतीजे लवप्रीत ङ्कषसह उर्फ ज्ञानी की शादी थी और घर में पार्टी चल रही थी। तभी उसे पता चला कि उसका दूसरा भतीजा हुसैनप्रीत सिंह उर्फ काली व उसका दोस्त मलकीत पुत्र गोगाराम निवासी गांव तेजाखेड़ा नशे की हालात में बाहर खेत में गिरे हुए हुए हैं। वह हरप्रीत पुत्र पुत्र गुरप्यास सिंह निवासी सिखांवाली ढाणी के साथ मौके पर पहुंचा तो उन्होंने मलकीत और हुसनप्रीत सिंह को तड़फ़ते हुए देखा।० पूछने पर हुसैनप्रीत उर्फ काली ने बताया कि रामकुमार, विकास उर्फ लड्डु, विजय नशा करते है और उन्हें भी थोड़ी-थोड़ी देते है। आज घर में शादी है, इसलिए हमें अधिक डोज दी, जिसके कारण उनकी तबियत खराब हो गई है। इसके बाद उन्होंने मलकीत व हुसनप्रीत को उपचार के लिए चौटाला के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां से दोनों को सिरसा रेफर कर दिया था।

# वनडे विश्व कप में काफी समय, भारत को बदलाव के दौर में रोहित की जरूरत

## प्रेस कॉन्फ्रेंस में रोहित ने कहा, 'भविष्य की कोई योजना नहीं, संन्यास नहीं लेने जा रहा'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद रविवार को रोहित शर्मा की लंबी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दो बार ऐसा हुआ जब उनके संन्यास का मुद्दा उठा। दुबई में चैंपियन्स ट्रॉफी में विजयी अभियान के बाद जब पहली बार इस विषय पर उनसे बात की गई तो भारतीय कप्तान रोहित ने खुलकर जवाब दिया, 'भविष्य की कोई योजना नहीं है, जैसे चल रहा है, चलता रहेगा।'उन्होंने अगली बार स्वैच्छिक रूप से इसका जिक्र किया। भारतीय कप्तान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के खत्म होने से ठीक पहले कहा, 'एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने जा रहा, बस यह सुनिश्चित करने के लिए बोला कि आगे कोई अफवाह नहीं फैले।' रोहित का बयान बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि जोर 'इस प्रारूप' पर था जो कि 50 ओवर का क्रिकेट है।

रोहित ने पिछले साल वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप जीतने के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस प्रारूप को अलविदा कह दिया था और टेस्ट क्रिकेट में उनके भविष्य को लेकर सवाल बने हुए हैं क्योंकि भारतीय टीम इस साल गर्मियों में इंग्लैंड का दौरा करेगी। भारतीय कप्तान ने महत्वाकांक्षाओं को जोरदार और स्पष्ट रूप से व्यक्त किया और 2027 विश्व कप को लेकर उनके कुछ अधूरे सपने हैं जिसकी मेजबानी दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे।




### रन बनते तक संन्यास नहीं

'वनडे प्रारूप' पर जोर देकर रोहित ने अपने इरादे स्पष्ट कर दिए हैं। जब तक वह रन बना रहे हैं, उम्र कोई बाधा नहीं बनेगी। हालांकि अगले एकदिवसीय विश्व कप तक वह 40 के करीब होंगे। वनडे अब भी उनका पसंदीदा प्रारूप है लेकिन रोहित ने कभी ऐसा नहीं कहा कि वह टेस्ट मैच नहीं खेलना चाहते। असल में ऑस्ट्रेलिया दौरे और उससे पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला को छोड़कर वह टीम के सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज रहे हैं। जसप्रीत बुमराह ने टेस्ट कप्तान के रूप में अपनी काबिलियत दिखाई है लेकिन रोहित अब भी भारतीय ड्रेसिंग रूम में सबसे सम्मानित नेतृत्वकर्ता हैं।

### बुमराह फिट नहीं, गिल परिपक्व नहीं

बुमराह की फिटनेस संबंधी चिंताओं और चयनकर्ताओं के शुभमन गिल को कुछ और समय के लिए उप कप्तान की भूमिका में रखने की प्राथमिकता के कारण रोहित टीम की अगुआई जारी रखने के लिए आदर्श उम्मीदवार बने हुए हैं क्योंकि टीम बदलाव के दौर से गुजर रही है। रोहित के लंबे समय से साथी विराट कोहली ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल के बाद कहा कि टीम के मुख्य खिलाड़ी अगले आठ साल तक खेलने के लिए तैयार हैं लेकिन यह उनका कर्तव्य है कि जब भी वह अलविदा कहें तो भारतीय क्रिकेट को अच्छे हाथों में सौंपें।

## पाकिस्तान मेजबान, पुरस्कार वितरण समारोह में नहीं बुलाने पर परेशान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड दुबई में टूर्नामेंट के समापन समारोह के दौरान अपने सीईओ और चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट के निदेशक सुमैर अहमद सैयद को नजरअंदाज करने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के सामने अपना विरोध दर्ज करेगा। पीसीबी के एक सूत्र ने सोमवार को कहा कि आईसीसी ने इस संबंध में जो स्पष्टीकरण दिया है उससे बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी संतुष्ट नहीं हैं। सूत्र ने कहा, 'आईसीसी ने स्पष्ट किया है कि उसने मोहसिन नकवी के मंच पर आने की तैयारी कर ली थी, इसलिए जब वह फाइनल में नहीं आए तो उसने अपनी योजना बदल दी।' पीसीबी ने इस स्पष्टीकरण को खारिज कर दिया है और कहा है कि आईसीसी ने टूर्नामेंट के दौरान मेजबान देश के रूप में पाकिस्तान की स्थिति के संबंध में कई गलतियां की थीं।



### लोगो में नाम नहीं, भारत का बजा राष्ट्रगान

भारत और बांग्लादेश के बीच खेले गए मैच के सीधे प्रसारण में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का लोगो बदलना और लाहौर में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच खेले गए मैच में भारतीय राष्ट्रगान बजाना शामिल था। आईसीसी ने दावा किया कि प्लेलिस्ट में गड़बड़ी के कारण त्रुटि को ठीक करने से पहले कुछ सेकंड के लिए भारतीय राष्ट्रगान बज गया था।

### क्या पाकिस्तान मेजबान था?



पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर ने भी एक्स पर एक वीडियो डालकर कहा, 'भारत ने चैम्पियंस ट्रॉफी जीती लेकिन पीसीबी का कोई प्रतिनिधि फाइनल के बाद नहीं था। पाकिस्तान मेजबान था। मेरी यह समझ में नहीं आया कि पीसीबी से कोई वहां क्यों नहीं था।'

## खबर संक्षेप



### हॉकी इंडिया ने की 12 करोड़ रुपए इनामी राशि की घोषणा

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपए की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि की घोषणा की जिसके लिए आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को यहां आयोजित किया जाएगा जिसमें 2024 सत्र में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार समारोह के प्रमुख आकर्षणों में से एक प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार है जो वर्ष के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए दिया जाएगा। यह सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा। जुगराज सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे।

### रोहित ने मैच हमारी पहुंच से दूर किया



**दुबई।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सेंटनर ने स्वीकार किया कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की असाधारण पारी ने चैंपियन्स ट्रॉफी के फाइनल में दोनों टीमों के बीच अंतर पैदा किया। रोहित ने 83 गेंद में 76 रन की शानदार पारी खेली जिससे भारत ने रविवार को यहां 252 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए करीबी जीत दर्ज की। सेंटनर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मुझे लगता है कि रोहित शर्मा ने जिस तरह से खेला उससे मैच हमारी पहुंच से दूर हो गया। भारत ने दुबई की परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छा क्रिकेट खेला। मुझे लगता है कि यह कड़वा-मीठा अंत रहा।'

### शुभंकर 37वें, अहलावत संयुक्त 42वें स्थान पर रहे

**जोहानिसबर्ग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और वीर अहलावत जोबर्ग ओपन में क्रमशः संयुक्त 37वें और संयुक्त 42वें स्थान पर रहे। पहले दो राउंड में 66 और 65 का कार्ड खेलने वाले शुभंकर अंतिम दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। उन्होंने इन दो राउंड में 74 और 72 का स्कोर बनाया जिससे वह नीचे खिसक गए। दूसरे राउंड में 63 का शानदार स्कोर बनाकर कट में जगह बनाने वाले अहलावत ने अंतिम दो राउंड में 72 और 70 का कार्ड खेला। स्कॉटलैंड के कैलम हिल ने तीन खिलाड़ियों के बीच खेले गए प्लेऑफ में दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूस्विज्क (66) और शॉन नॉरिस (70) को हराकर खिताब जीता।



### आकर्षण का केंद्र होंगी 3 बार की पैरालंपिक चैंपियन वेनेसा

**नई दिल्ली।** तीन बार की पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता और गत विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया की लंबी कूद की खिलाड़ी वेनेसा लोव मंगलवार से यहां शुरू हो रही विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में आकर्षण का केंद्र होंगी। चौंतीस साल की वेनेसा ने 2016 रियो खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के बाद 2021 टोक्यो और 2024 पेरिस पैरालंपिक की लंबी कूद टी63 स्पर्धा में भी शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 2019 और 2024 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी टी63 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। वेनेसा 2024 पेरिस पैरालंपिक में 5.45 मीटर के प्रयास के साथ मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक भी हैं। वेनेसा ने 2019 में ऑस्ट्रेलिया का रुख करने से पहले लंदन 2012 और रियो 2016 में जर्मनी का प्रतिनिधित्व किया था।



## सुकांत, नितेश ने स्पेनिश पैरा बैडमिंटन में जीते स्वर्ण पदक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पेरिस पैरालंपिक चैंपियन कुमार नितेश और सुकांत कदम ने भारत को स्पेन के विटोरिया में स्पेनिश पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2025 (दो) में क्रमशः एसएल3 और एसएल4 वर्गों में स्वर्ण पदक दिलाए।

नितेश ने एसएल3 वर्ग के फाइनल में जापान के डेसुके फुजिहारा पर 21-19, 21-19 से जीत दर्ज की जबकि सुकांत ने रविवार को एसएल4 वर्ग में हमवतन भारतीय तरुण को 21-13, 21-10 से हराया। एसएच6 वर्ग में नित्याश्रे ने पोलैंड के स्जमिगेल को फाइनल में हराकर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। पुरुष युगल में नितेश कुमार और तरुण ने भारत के जगदीश दिल्ली और नवीन शिवकुमार को 21-14, 23-25, 22-20 से हराया। मिश्रित युगल स्पर्धाओं में भी भारत ने अच्छा प्रदर्शन किया। कृष्णा नागर और नित्याश्रे ने इंग्लैंड के शेफर्ड और चूंग को 21-14, 21-11 से हराकर एसएच6 श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। नितेश कुमार ने मनीषा रामदास के साथ मिलकर एसएल3-एसयू5 श्रेणी में भारत के खाते में एक और स्वर्ण पदक डाला। उन्होंने स्वीडन के रिकड निल्सन और डेनमार्क की हेलो सोफी सागोय को 21-9, 21-15 से हराया। अल्फिया जेम्स ने महिला एकल फाइनल में स्विट्जरलैंड की इलारिया ओल्गियाती को कड़ी टक्कर दी लेकिन उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।



## फूलमाली का अर्धशतक बेकार मुंबई ने गुजरात को हराया

**लखनऊ (भाषा)।** गुजरात जायंट्स की टीम भारती फूलमाली (61 रन) के शानदार अर्धशतक के बावजूद सोमवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मैच में मुंबई इंडियंस से नौ रन से हार गई। मुंबई इंडियंस के अब तालिका में दिल्ली कैपिटल्स के बराबर 10 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर बनी हुई है। मुंबई इंडियंस को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से एक और मैच खेलना है जिससे उसका लक्ष्य शीर्ष पर रहकर सीधे फाइनल के लिए क्वालीफाई करने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स के साथ ये दोनों टीमें पहले ही प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी थीं और मुकाबला शीर्ष स्थान के लिए था। गुजरात जायंट्स के आठ मैच में आठ अंक हैं जिससे वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहेगी। कप्तान हरमनप्रीत कौर (54 रन) की शानदार अर्धशतकीय पारी से मुंबई इंडियंस ने छह विकेट पर 179 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। पर गुजरात जायंट्स की टीम निचले क्रम की बल्लेबाज भारती फूलमाली (61 रन) ने अर्धशतक जड़कर मैच रोमांचक बना दिया, हालांकि उनकी पारी के बावजूद टीम नौ विकेट पर 170 रन ही बना सकी। मुंबई इंडियंस की अमेलिया केर और हेली मैथ्यूज ने तीन तीन खिलाड़ियों को आउट किया।

## मोटेरा के जख्मों पर दुबई में मरहम लगाकर राहुल ने बदली अपनी और टीम की तकदीर




एजेंसी ▶▶| दुबई

आस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में विजयी छक्का जड़ने वाले केएल राहुल ही थे और न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में संकटमोचक की भूमिका निभाकर भारत को चैम्पियंस ट्रॉफी जिताने में उनका योगदान अनदेखा नहीं किया जा सकता।

यह वही केएल राहुल हैं जिन्होंने 19 नवंबर 2023 को आस्ट्रेलिया के हाथों वनडे विश्व कप फाइनल में भारत की हार के बाद सबसे ज्यादा लानत मलामत झेली थी। जब लगातार दस जीत के साथ फाइनल में पहुंची भारतीय टीम अहमदाबाद में आखिरी मुकाबले में आस्ट्रेलिया के खिलाफ 240 रन पर आउट हो गई और 107 गेंद में 66 रन बनाने पर राहुल आलोचकों का कोपभाजन बने। टी20 विश्व कप के लिए भारत की टीम में भी उन्हें जगह नहीं मिली। मोटेरा के उस फाइनल के सत्रह महीने बाद जब दुबई में चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर भारत ने तीसरी बार खिताब जीता तो अंत तक डटे रहे राहुल को जिस तरह कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और हार्दिक पंड्या ने गले से लगाया, उसने साबित कर दिया कि इस जीत में उनकी क्या अहमियत है।

## पांड्या का अनोखा सेलिब्रेशन, ट्रॉफी जीतना बड़ी बात नहीं

**दुबई।** चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीतकर भारतीय टीम ने इतिहास रच दिया है। इस जीत के बाद पूरी टीम ने जमकर जश्न मनाया। हालांकि इसमें हार्दिक पांड्या का सेलिब्रेशन सबसे अलग रहा। हार्दिक ने खाबी लेम के आइकॉनिक पोज की नकल उतारी। लेम एक मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं। इटली के रहने वाले खाबी लेम के टिकटॉक पर 100 मिलियन फॉलोवर हैं। खाबी टिकटॉक पर प्रॉब्लम सॉल्विंग वीडियो बनाते हैं। इसके बाद वह ऐसा चेहरा बनाते हैं जैसे कि उनके लिए यह प्रॉब्लम सॉल्व करना कोई बड़ी बात थी ही नहीं। हार्दिक पांड्या भी खाबी लेम की ही नकल उतारते हुए यह दिखाते हैं मानो उनके लिए यह ट्रॉफी जीतना कोई बड़ी बात नहीं थी।



**ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप**

## चोट-फॉर्म से जूझ रहे शटलरों के सामने होगी कठिन चुनौती




एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

चोटों, स्वास्थ्य संबंधित परेशानियों और खराब फॉर्म से जूझ रहे भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां शुरू हो रही ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में कठिन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

प्रकाश पादुकोण की 1980 में ऐतिहासिक जीत और 2001 में पुलेला गोपीचंद की जीत के बाद से कोई भी भारतीय प्रतिष्ठित ऑल इंग्लैंड खिताब जीतने में कामयाब नहीं हुआ है। ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप ओलंपिक और विश्व चैंपियनशिप के बाद बैडमिंटन का सबसे प्रतिष्ठित ताज है। पिछले दो दशकों में भारतीय बैडमिंटन ने नई ऊंचाइयों को छुआ है जिसमें पीवी सिंधु, साइना नेहवाल और किदांबी श्रीकांत जैसे सितारों ने प्रमुख खिताब जीते हैं। हालांकि, विश्व मंच पर अपनी कई सफलताओं के बावजूद कोई भी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप जीतने में सफल नहीं हो पाया है। साइना और लक्ष्य सेन 2015 और 2022 में उपविजेता रहे जबकि त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी लगातार चरण में सेमीफाइनल में पहुंची।

### चुनौतियों से जूझ रहे भारतीय खिलाड़ी

हर साल, भारतीय दल इस ऐतिहासिक खिताब पर अपनी नजरें गड़ाए रहता है और हर बार उन्हें असफलता मिली है। इस साल चुनौती और भी बड़ी होगी क्योंकि भारत के शीर्ष खिलाड़ी चोट की चिंताओं और अनिरंतर फॉर्म सहित कई कठिनाइयों के साथ बर्मिंघम पहुंचेंगे। पेरिस ओलंपिक में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद भारतीय खिलाड़ियों को 2025 में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए संघर्ष करना पड़ा। सिंधू को चोटों की समस्या का सामना करना पड़ा, एचएस प्रणय चिकनगुनिया से धीरे-धीरे उबरे, लक्ष्य सेन खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी अपने पिता की मृत्यु से उबर रहे हैं जिनका पिछले महीने निधन हो गया था। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण पिछले महीने एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटना पड़ा था।

## शराब और तंबाकू के एड पर लगाएं रोक

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्रालय ने आईपीएल को 22 मार्च से शुरू होने वाले टूर्नामेंट के दौरान 'सरोगेट' विज्ञापनों सहित सभी प्रकार के तंबाकू और शराब के प्रचार पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक अतुल गोयल ने आईपीएल अध्यक्ष अरुण धूमल को लिखे पत्र में कहा कि क्रिकेट खिलाड़ी भारत के युवाओं के लिए आदर्श हैं। उन्हें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी प्रकार के तंबाकू या शराब के विज्ञापन से नहीं जोड़ा जाना चाहिए। गोयल ने लिखा, ''आईपीएल को सरोगेट विज्ञापनों सहित तंबाकू और शराब से जुड़े सभी प्रकार के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाने वाले नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए।'

## कैपिटल्स की कप्तानी के लिए अक्षर-राहुल के बीच मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑलराउंडर अक्षर पटेल और सीनियर विकेटकीपर-बल्लेबाज केएल राहुल आगामी इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी के लिए दो दावेदार हैं जिसमें गुजरात के खिलाड़ी का पलड़ा थोड़ा भारी है।

ऐसा माना जा रहा है कि चैंपियंस ट्रॉफी के खत्म होने का इंतजार करने के बाद फ्रेंचाइजी के अधिकारी अगले कुछ दिनों में अपने नए कप्तान के नाम की घोषणा करेंगे। दिल्ली कैपिटल्स अपने पहले दो मैच के लिए विशाखापत्तनम जाने से पहले दिल्ली में एक छोटा ट्रेनिंग कम अभ्यास शिविर लगाएगी। अक्षर, राहुल, कुलदीप यादव, दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स, ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी जेक फ्रेजर मैकगर्क और मिशेल स्टार्क 17 और 18 मार्च को विशाखापत्तनम में इकट्ठा होंगे। राहुल हो सकता है कि एक या दो मैच में नहीं खेलें क्योंकि उनकी पत्नी अथिया शेट्टी गर्भवती हैं और यह उनके पहले बच्चे के जन्म की संभावित तारीख पर निर्भर करेगा। कैपिटल्स के साथ अपने सातवें सत्र में 31 वर्षीय अक्षर राहुल की तुलना में टीम का नेतृत्व करने के लिए अधिक संभावित उम्मीदवार दिखते हैं।




## सीनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप फाइनल में हरियाणा का सामना झारखंड से

**पंचकुला। (भाषा)** हरियाणा और झारखंड सोमवार को हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपने सेमीफाइनल मैच जीतने के बाद डिवीजन ए फाइनल में एक दूसरे से भिड़ेंगे। हरियाणा ने पहले सेमीफाइनल में मिजोरम को 4-0 से हराया जिसमें सोनम (41वें मिनट), मोनिका (42वें मिनट), मनीषा (47वें मिनट) और कप्तान रानी (57वें मिनट) ने एक-एक गोल किया। दूसरे सेमीफाइनल मैच में झारखंड ने निर्धारित समय में गोल रहित रहने के बाद शूटआउट में महाराष्ट्र को 3-2 से हराया। रजनी केरकेट्टा, कप्तान अलबेला रानी टोप्पो और शम्मी बारा ने शूटआउट में झारखंड के लिए गोल किए जबकि काजल सदाशिव अटपडकर और प्रीति ने महाराष्ट्र के लिए गोल किया। फाइनल बुधवार को होगा।

**लगातार दूसरी बार आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा**

## ब्रूक ने दिल्ली के साथ अनुबंध तोड़ा, लगेगा प्रतिबंध

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग से पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है जिसके लिए उन पर इस टूर्नामेंट में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लग सकता है। यह लगातार दूसरा सत्र है जबकि इंग्लैंड के इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने आईपीएल के लिए खुद को अनुपलब्ध रखा है। इसके लिए उन्होंने फ्रैंचाइज़ी और उसके समर्थकों से माफ़ी मांगी। ब्रुक ने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मैंने आईपीएल के अगले सत्र से हटने का बहुत मुश्किल फैसला किया है। मैं दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगता हूं। यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी श्रृंखला की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। इसके लिए मुझे अपने अब तक के कॅरियर के सबसे व्यस्त दौर के बाद तरोताजा होने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता हूं, लेकिन मुझे वह करना होगा जो मुझे लगता है कि सही है और अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता है और मेरा पूरा ध्यान इसी पर है।' ब्रूक ने अपनी दादी के निधन के कारण आईपीएल के पिछले सत्र से भी नाम वापस ले लिया था।




### दो साल के प्रतिबंध का नियम

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, 'कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

इन्द्रप्रस्थ गैस लिमिटेड
(गेल (इंडिया) लिमिटेड, बीपीसीएल और एनसीटी दिल्ली सरकार का एक संयुक्त उद्यम)
सीआईएन : एल23201डीएल1998पीएलसी097614
रुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)
"हरियाणा के रेवाड़ी जिले के बावल क्षेत्र में सिटी गेट स्टेशन की स्थापना के लिए आसलवास/पतुहेड़ा/इब्राहिमपुर/मंगलेश्वर बावल गाँव में बावल रोड पर खरीद/दीर्घकालिक पट्टे के लिए लगभग 1700–2000 वर्ग मीटर भूमि की आवश्यकता है। अन्य विवरण www.iglonline.net वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इच्छुक संपत्ति मालिक/अधिकृत प्रतिनिधि वेबसाइट पर उपलब्ध विवरण को देख सकते हैं और अपने प्रस्ताव हार्ड कॉपी में विभागाध्यक्ष (सीएंडपी और स्टोर्स), आईजीएल भवन, प्लॉट नंबर–4, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर–9, आर.के. पुरम, नई दिल्ली–110022 को 31.03.2025 तक (14:30 बजे तक) आईजीएल वेबसाइट www.iglonline.net पर "अन्य विवरण" में उल्लिखित निर्देशों के अनुसार जमा कर सकते हैं। आगे की प्रक्रिया के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए प्रस्तावों से अलग से संपर्क किया जाएगा।"
हर एक काम देश के नाम

चिंतन

# धमकी देकर देश को दहशत में डालने वालों पर नकेल जरूरी

भारत की विभिन्न धमकी मिलने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कभी स्कूल, कभी रेलवे स्टेशन तो कभी एयरलाइंस की फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिलना आम बात हो गई है। कौन भूल सकता है जब बीते साल अक्टूबर में एक साथ 95 फ्लाइटों को बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे पूरे देश में दहशत फैल गई। अब सोमवार को एक बार फिर मुंबई से न्यूयॉर्क जा रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई 119 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। 8 घंटे 37 मिनट की उड़ान के बाद फ्लाइट को मुंबई डायवर्ट कर दिया गया। फ्लाइट में 19 क्रू मेंबर्स समेत 322 यात्री सवार थे। फ्लाइट के वॉशरूम में एक नोट मिला, जिसमें बम की धमकी दी गई थी। सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हुए रास्ते से ही विमान को वापस मुंबई लाने का फैसला किया गया। विमान 10:25 बजे मुंबई पहुंचा। जब तक जांच पूरी नहीं हुई यात्रियों, सुरक्षा एजेंसियों समेत देश के बड़े हिस्से में दहशत का माहौल रहा। न जाने कौन फैला रहा है इस तरह की दहशत। देश की प्रत्येक एयरलाइन की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को एक सप्ताह के भीतर बम से उड़ाने की धमकियां मिली हैं। इससे खलबली मचना स्वाभाविक है। इससे दहशत तो फैलती ही है साथ में हवाई यात्रा का टाइम टेबल गड़बड़ा जाता है। कितनी ही फ्लाइट जांच के लिए रोक दी जाती हैं। यात्रियों को भारी असुविधा होती है। वे समय पर अपने गंतव्य पहुंच नहीं पाते या कनेक्टिंग फ्लाइट मिस कर जाते हैं। इन धमकियों के पीछे कौन है और उसका क्या उद्देश्य है? अनेक एजेंसियां इसका पता लगाने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन इसके पीछे कुछ खास नहीं निकल पा रहा है। सोशल मीडिया और ई-मेल के माध्यम से विमान में धमाका करने की धमकी देना आम बात होती जा रही है। आखिर ये कितने शातिर लोग हैं जो इतने दिनों से जांचकर्ताओं की पकड़ में नहीं आए। उड़ान में खलल डालकर उसे रोक देना उनका उद्देश्य मालूम पड़ता है। उनकी धमकी वाकई गंभीर है या खोखली इसका अंदाजा कैसे लगाया जाए। कुछ धमकियां तो ऐसी उड़ान को लेकर थीं जो पूरी हो चुकी थीं। वैसे तो हर उड़ान के पहले विमान और उसके सिस्टम की पूरी तरह जांच की जाती है फिर भी धमकी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ऐसी धमकियां विमानन क्षेत्र की मजबूती की परीक्षा ले रही हैं। केंद्रीय जांच एजेंसियों को ऐसे शरारती तत्वों को यथाशीघ्र खोज निकालना होगा। इस तरह का अपराध करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। ऐसी धमकियां देने वाले में सिरफिरे, मानसिक रुग्ण के अलावा कोई ऐसा यात्री भी हो सकता है जो उड़ान में विलंब करवाना चाहते हैं। यह भी देखना होगा कि ऐसी धमकी के पीछे कोई एक व्यक्ति है या कोई समूह! कॉल या ई-मेल कहां से आया, इसका तुरंत पता लगाकर शरारती तत्व को पकड़ा जाना चाहिए। साइबर सुरक्षा एजेंसियां ऐसा कर सकती हैं। अनेक डिजीटेक टूल हैं जिनसे पता लगाया जा सकता है कि कौन से शरारती तत्व यह करतूत कर रहे हैं। सोशल मीडिया कंपनियों के पास भी पता लगाने के संसाधन हैं कि कौन से फेक अकाउंट से इस तरह की धमकियां दी जा रही हैं। यह भी संभव है कि इस तरह की धमकी बाहर देश से आ रही हों। जांच एजेंसियों पर इस पर भी नकेल कसने की जरूरत है। इस मामले को अब सरकार को टॉप प्रायरिटी में रखते हुए इसकी सघन जांच करानी चाहिए, ताकि भारत की एयरलाइंस और लोगों को इससे छुटकारा मिल सके।



विमर्श
राधा रमण

# राजनीति में अपराधीकरण पर रोक लगे

राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशकों से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं।

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिला (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबरदस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है।

बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। वरना आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। किसान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाता है तो समाज खराब हो जाता है। क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भे यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। और तो और, सांसद-विधायक जब चाहते हैं अपनी तनख्वाह में मनमानी वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद् चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करने वाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। मुझे कहने दीजिए कि इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है - 'हमाम में सभी नंगे हैं' की उक्ति चरितार्थ होती है। हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों-विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है।

याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि 'याचिका में जो अनुरोध किया गया है वह संविधान को



फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से क़ानून बनाने का आदेश देने के समान है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।' सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह क़ानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि 'अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता।' जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी तरह धारा 9 में प्रावधान है कि भ्रष्टाचार अथवा देश के प्रति अविश्वास के लिए बर्खास्त सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को 5 साल तक अयोग्य घोषित किया जाता है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते में चुनाव आयोग से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी है जिन पर से आयोग ने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया था या हटा दिया था। साथ ही याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा कि वह चुनाव आयोग से जानकारी मिलने के दो हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में ही यह याचिका दाखिल की थी, लेकिन सरकार की हीलाहवाली और टालमटोल रवैये के कारण मामला अभी तक परिणति तक नहीं पहुंच पाया है। सवाल उठता है कि जो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के उस फैसले को अध्यादेश के जरिये पलट देने की सामर्थ्य रखती हो जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहभागिता को अपरिहार्य माना गया था, उस सरकार को सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने पर इतनी दिक्कत क्यों हो रही है? कहना न होगा कि देश की राजनीति और कानून निर्माण प्रक्रिया में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले लोगों की उपस्थिति का लोकतंत्र की गुणवत्ता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। चुनावी प्रक्रिया में काले धन का प्रयोग काफी अधिक बढ़ जाता है। इससे राजनीति में प्रवेश करने वाले अपराधी सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते हैं और नौकरशाही, कार्यपालिका, विधायिका तथा न्यायपालिका सहित अन्य संस्थानों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। क्या सरकार ऐसा नहीं चाहती कि राजनीति से अपराधियों का सफाया हो अथवा सरकार में बैठे लोग कहीं अपने भविष्य को लेकर आशंकित तो नहीं हैं। नेताओं को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि देश की जनता यह सब देख रही है। इतिहास गवाह है कि जनता जिस तेजी से किसी को सिर पर बैठाती है जायज वजह मिलने पर उससे दुगनी गति से सत्ता से च्युत भी कर देती है। भारत देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है न कि हठधर्मिता से। हमारे नेताओं को यह बात समझनी ही होगी।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

सियासत
आलोक शुक्ला



# प्रस्तावित लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन को लेकर टकराव

भारत में इस समय 2026 में प्रस्तावित लोक सभा क्षेत्रों के परिसीमन पर काफी टकराव चल रहा है। परिसीमन एक संवैधानिक अनिवार्यता है, परन्तु दक्षिण भारत में इसका भारी विरोध हो रहा है। भारत का संविधान कहता है कि प्रत्येक व्यक्ति के वोट का मूल्य एक बराबर होना चाहिए। इसीलिए लोक सभा और राज्यों की विधान सभाओं में जनसंख्या के आधार पर सीटों की संख्या का निर्धारण किया जाता है। परिसीमन के द्वारा अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए सीटों का आरक्षण भी किया जाता है। भारत में वर्ष 1951, 1962 एवं 1972 में परिसीमन किया गया था। इसके अनुसार एक लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में लगभग 10 लाख की जनसंख्या है। आपातकाल के दौरान संविधान (42 वां संशोधन) अधिनियम, 1976 पारित हुआ जिसके द्वारा वर्ष 2000 के बाद की जनगणना तक के लिए लोक सभा में सीटों की संख्या को फ्रीज़ कर दिया गया। सन् 2002 में वाजपेयी की सरकार ने लोक सभा सीटों की संख्या पर फ्रीज़ को 2026 तक के लिए बढ़ा दिया था। प्रस्तावित परिसीमन को लेकर सबसे बड़ी चिंता यह है कि इससे दक्षिण भारत के राज्यों में लोक सभा की सीटें कम हो जाएंगी। दक्षिण का प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा और राष्ट्रीय निर्णयों में उनकी भूमिका कम होती जाएगी। दक्षिण में उत्तर की तुलना में विकास अधिक हुआ है। दक्षिण की प्रति व्यक्ति आय अधिक है, स्वास्थ्य, शिक्षा और अधोसंरचना सभी क्षेत्रों में दक्षिण अधिक विकसित है। इसी कारण दक्षिण में जनसंख्या नियंत्रण बेहतर हुआ है और वहां की जनसंख्या अनुपातिक रूप से उत्तर की अपेक्षा बहुत कम हो गई है। केन्द्रीय करों की वसूली में दक्षिण का अनुपात उत्तर की तुलना में कहीं अधिक है। दक्षिण को लगता है कि यह उनके साथ अन्याय है। उनका कहना है कि दक्षिण के राज्य कब तक उत्तर की अक्षमता का बोझ उठाते रहेंगे। लोक सभा में दक्षिण का प्रतिनिधित्व वर्तमान में 24% है, वह इस परिसीमन के बाद घटकर 19% हो जाएगा। हाल ही में नागपटनम में तामिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने इसी बात को रेखांकित करने के लिए लोगों से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान तक कर डाला। गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट कहा है कि परिसीमन से दक्षिण भारत के किसी भी राज्य की एक भी सीट कम नहीं होगी। परन्तु उनकी बात का कोई खास असर दक्षिण भारत के राज्यों में नहीं हो रहा है। उन्हें लगता है कि भी जनसंख्या के आधार पर किए गए परिसीमन में दक्षिण के राज्यों की सीटों में आनुपातिक कमी आएगी।

2026 के जनसंख्या प्रोजेक्शन के आंकड़ों के आधार पर अनुमान है कि इस परिसीमन से उत्तर प्रदेश की सीटों की संख्या वर्तमान 80 से बढ़कर 143 हो जाएंगी और बिहार की सीटों की संख्या वर्तमान 40 से बढ़कर 79 होगी। वहीं तमिल नाडु की वर्तमान 39 सीटों में केवल 10 सीटों की ही वृद्धि होगी। तामिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने 5 मार्च को परिसीमन के मुद्दे पर एक सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें 60 से अधिक दलों ने भाग लिया। भारतीय जनता पार्टी ने इस बैठक का बहिष्कार किया। इस बैठक में दक्षिण के राज्यों को 2026 की जनसंख्या के आधार पर प्रस्तावित परिसीमन का विरोध करने के लिए संगठित होने का आह्वान किया गया और 1971 की जनगणना के आधार पर परिसीमन करने की मांग की गई। भारत में 2011 की जनगणना के बाद कोई जनगणना नहीं हुई है। 2021 की जनगणना कोविड महामारी के कारण स्थगित कर दी गई थी। इस कारण हमारे पास जनसंख्या के आधिकारिक आंकड़े ही नही हैं। अभी तक सरकार ने इस बात की घोषणा नहीं की है कि अगली जनगणना कब होगी। कई पार्टियां जातिगत जनगणना की मांग भी कर रही हैं। नए परिसीमन का संबंध लोक सभा में महिला आरक्षण के लागू होने से भी है। नए संसद भवन में 888 सीटें बनाई गई हैं। यह भी इस बात का संकेत है कि नए परिसीमन में लोक सभा की सीटें बढ़ने की संभावना है। लंबे समय के सुधारों के रूप में भारत को शायद वित्तीय शक्तियों के विकेंद्रीकरण के बारे में भी सोचना होगा। केन्द्र द्वारा एकत्रित किए जाने वाले करों में राज्यों का हिस्सा बढ़ाने पर भी विचार करना चाहिए। ऐसा करने से लोक सभा में कम प्रतिनिधित्व वाले राज्यों को भी अपने विकास का पूरा मौका मिलेगा और वे शायद परिसीमन की कुछ कम चिंता करेंगे। संवैधानिक विशेषज्ञ और सभी राजनीतिक दल यदि मिलकर इस समस्या का हल खोजेंगे, तो कोई न कोई हल ज़रूर मिलेगा। टकराव और अलगाव की राजनीति से देश का भला नहीं हो सकता।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## करेंगे दान तो बनेंगे समृद्ध और खुशहाल!



संकलित
दर्शन

एक विवेकशील प्राणी होने के नाते मनुष्य से त्याग की अपेक्षा स्वाभाविक है। वास्तव में मानव का पूर्ण विकास ही त्याग द्वारा संभव है। जो दूसरे के लिए जितना अधिक त्याग कर सकता है, वह उतना ही महान समझा जाता है। राजा हरिश्चंद्र को हम आज भी उनके त्याग के लिए ही तो स्मरण करते हैं। महर्षि दधीचि ने तो एक विराट लक्ष्य के लिए अपनी देह का ही त्याग कर दिया था। वास्तव में हमारे समृद्ध इतिहास में कई विभूतियां तो केवल अपनी त्याग भावना के लिए ही विख्यात हुई हैं। त्याग की भावना का विकास करने के लिए सभी धर्मों में दान की महिमा बताई गई है। कहा जाता है धन का दान करने से धन शुद्ध होता है। आवश्यक नहीं है कि मात्र धनी व्यक्ति ही दान करने में सक्षम हैं, क्योंकि उनके पास किसी वस्तु का अभाव नहीं है। दान की भावना जाग्रत होने पर आप पाएंगे कि आपके पास भी एक अक्षय भंडार है। मात्र धनदान या अन्नदान ही दान नहीं है। हो सकता है कोई व्यक्ति धनहीन हो, परंतु उसके पास एक स्वस्थ एवं निरोग शरीर हो। क्या ऐसे लोगों के लिए श्रमदान विकल्प नहीं है? उनके आसपास कितने अशक्त लोग मिल जाएंगे, जिनकी वे अपनी शारीरिक ऊर्जा से सेवा कर सकते हैं। किसी के कार्य में हाथ बंटा लेना भी श्रमदान है। विद्यादान या ज्ञानदान को तो उत्तम में सवरेत्तम माना गया है। किसी निर्धन बच्चे को निःशुल्क पढ़ा देना भी तो दान ही है। आप किसी भी प्रकार से अभावग्रस्त की सहायता कर सकते हैं, शरीर, मन, बुद्धि, धन और भाव सब उपकरण हैं।

## जब कोई झूठा आरोप लगे तो धैर्य न छोड़ें



संकलित
प्रेरणा

द्वारका में एक सूर्य भक्त था सत्राजित। उसे सूर्य देव ने स्यमंतक नाम की चमत्कारी मणि दी थी। ये मणि रोज बीस तोला सोना उगलती थी। एक दिन श्रीकृष्ण ने सत्राजित से कहा कि आप ये मणि राजकोष में देंगे तो इससे मिले धन से प्रजा की अच्छी देखभाल हो सकेगी। सत्राजित ने श्रीकृष्ण को मणि देने से मना कर दिया। इस घटना के कुछ दिन बाद सत्राजित के भाई प्रसेनजित ने मणि चुरा ली। प्रसेनजित मणि लेकर जंगल में भाग गया। जंगल में एक शेर ने प्रसेनजित को मार दिया और खा गया। मणि जंगल में ही गिर गई। सत्राजित को जब प्रसेनजित और अपनी मणि नहीं मिली तो उसने श्रीकृष्ण पर आरोप लगा दिया कि कृष्ण ने ही मेरी मणि चुराई है और मेरे भाई की हत्या कर दी है। श्रीकृष्ण पर चोरी और हत्या का कलंक लग गया। श्रीकृष्ण आरोप को गलत साबित करने के लिए जंगल की ओर चल दिए। जंगल में श्रीकृष्ण को शेर के पैरों के निशान दिखे। श्रीकृष्ण समझ गए कि प्रसेनजित को शेर ने मार दिया है और मणि यहीं कहीं गिर गई है। श्रीकृष्ण मणि खोजते हुए एक गुफा में पहुंच गए। गुफा में जामवंत रहते थे। श्रीकृष्ण ने मणि मांगी तो जामवंत ने नहीं दी। इसके बाद दोनों का युद्ध हुआ। युद्ध में श्रीकृष्ण जीत गए। इसके बाद जामवंत ने मणि श्रीकृष्ण को दे दी और अपनी पुत्री जामवंती का विवाह भी भगवान के साथ कर दिया। द्वारका लौटकर श्रीकृष्ण ने वह मणि जामवंत से लेकर सत्राजित को दे दी और पूरी सच्चाई बता दी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**अनिद्रा रोग की जकड़ में 2037 का भारत**

पाश्चात्य जीवन शैली की नकल में वर्तमान भारतीय संस्कृति इतनी भ्रष्ट व बेईमान हो चुकी है कि भरोसा नाम की कोई चीज ही नहीं बची। भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। *-प्रकाश सोलंकी, गरियाबंद*

## करंट अफेयर

# उ. कोरिया ने समुद्र में दागी कई बैलिस्टिक मिसाइलें



दक्षिण कोरिया की सेना ने दावा किया है कि उत्तर कोरिया ने सोमवार को कई बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में दागी है। दक्षिण कोरिया और अमेरिका के संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू होने के कुछ घंटों बाद यह मिसाइलें दागी गयीं। उत्तर कोरिया इस अभ्यास को अतिक्रमण के पूर्वाभ्यास के तौर पर देखता है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ्स ऑफ स्टाफ ने बताया कि उत्तर कोरिया के ह्वांगहे प्रांत से मिसाइल दागी गयीं, लेकिन उन्होंने यह खुलासा नहीं किया कि मिसाइलें कितनी दूर तक गईं। दक्षिण कोरिया और अमेरिकी सैन्य बलों ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास शुरू किया है जो ग्यारह दिनों तक चलेगा। हालांकि, इससे पहले दक्षिण कोरिया की वायुसेना के दो लड़ाकू विमानों की गलती से नागरिक क्षेत्र में बमबारी करने की घटना के कारण लाइव-फायर प्रशिक्षण को रोक दिया गया था। दक्षिण कोरिया ने इस मामले की जांच की। उत्तर कोरिया ने इन सैन्य अभ्यासों की कड़ी निंदा करते हुए एक सरकारी बयान में इसे खतरनाक बताया।

## ऑफ बीट


# सिक्स-पैक एब्स हासिल करना कठिन क्यों है



बहुत से लोग कुछ ऐसा हासिल करने की उम्मीद में जिम जाना शुरू करते हैं, जिसे लंबे समय से स्वास्थ्य और फिटनेस के पैमाने के रूप में देखा जाता रहा है और वह हैं सिक्स-पैक एब्स अर्थात पेट की उभरी हुई मांसपेशियां। किसी भी मांसपेशी के निर्माण के लिए, आपको उच्च प्रोटीन युक्त आहार खाने के साथ-साथ नियमित रूप से वजन प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। वजन प्रशिक्षण मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण नामक प्रक्रिया को बढ़ावा देकर काम करता है। चूंकि प्रोटीन हमारी मांसपेशियों के निर्माण खंड हैं, मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण यह सुनिश्चित करता है कि पुराने प्रोटीन जो टूट जाते हैं और हटा दिए जाते हैं, उन्हें बदलने के लिए लगातार नए प्रोटीन बनाए जा रहे हैं। जब आप प्रोटीन युक्त भोजन खाते हैं तो मांसपेशियों में प्रोटीन संश्लेषण भी बढ़ जाता है। लेकिन यदि आप पहले से कुछ वजन प्रशिक्षण करते हैं, तो यह वृद्धि अधिक होगी और यदि आपने कोई व्यायाम नहीं किया है तो उसकी तुलना में लंबे समय तक रहेगा। यदि आप वजन प्रशिक्षण करते हैं और प्रति भोजन कम से कम 20 ग्राम प्रोटीन खाते हैं, तो यह मांसपेशी प्रोटीन संश्लेषण को अधिकतम करता है।

## ट्रेंड

### रक्षा क्षेत्र में प्रतिबद्धता



लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट एमके1ए के लिए पहला रियर फ्यूज़लेज हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को सौंपा गया। यह रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति और रक्षा क्षेत्र में सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।
-राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री

### पौधरोपण में योगदान दें



प्रतिदिन पौधरोपण के संकल्प के क्रम में आज भोपाल स्थित स्मार्ट सिटी पार्क में पौधा रोपा। पेड़-पौधे प्रकृति की अनमोल धरोहर व पर्यावरण के संरक्षक हैं। आप भी विभिन्न अवसरों पर पौधरोपण कर धरती को हरा-भरा बनाने में योगदान दें।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### वोटर लिस्ट में गड़बड़ी



महाराष्ट्र की वोटर लिस्ट में गड़बड़ियों को लेकर मेरी प्रेस कॉन्फ्रेंस को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर चुनाव आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।
-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### भारतीय टीम को बधाई



भारतीय क्रिकेट टीम ने फाइनल में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी को जीतकर मां भारती का मान बढ़ाया है। इस ऐतिहासिक सफलता के लिए पूरी टीम को बधाई!
-विजेंदर सिंह, बॉक्सर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# भारतीय रेल में एक लाख से अधिक महिलाएं संभाल रहीं बखूबी अपनी जिम्मेदारी

**रेलवे में महिला कर्मचारी**

लोको पायलट **2,162**

ट्रेन मैनेजर (गार्ड) **794**

स्टेशन मास्टर **1699**

पर्यवेक्षक **2,360**

कर्मचारी **12,362**

टिकट चेकर **4,446**

पॉइंट्समैन **4,430**

आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।





» बीते 10 साल में महिला कर्मचारियों की बढ़ी संख्या

» रेलवे के कुल वर्कफोर्स में 8.2 प्रतिशत महिलाओं का योगदान

» वर्ष 2014 में मात्र 6.6 प्रतिशत ही महिला कर्मचारी थीं

### स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है। परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।

### महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल

ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं। महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।

**दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है रेलवे :** इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूजिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

### होली पर 1450 अतिरिक्त ट्रेनें चलाएगा रेलवे

महाकुंभ के बाद होली के मद्देनजर यात्रियों को उनके घर तक पहुंचाने के लिए रेलवे कमर कस ली है। इस बीच रेलवे बोर्ड में सूचना एवं प्रचार के कार्यकारी निदेशक दिलीप कुमार ने होली के त्योहार के मद्देनजर भीड़ प्रबंधन और अतिरिक्त ट्रेनों के बारे में जानकारी दी। दिलीप कुमार ने कहा कि देश में होली का त्योहार बहुत खास है। इस त्योहार पर लोग भारी संख्या में अपने-अपने घर जाते हैं और इसी को ध्यान में रखते हुए हमने तैयारी की है। इस साल होली के अवसर पर हमने 1450 ट्रेनें चलाने की अधिसूचना जारी कर दी है। ये ट्रेनें देश के अलग-अलग हिस्सों से चलेंगी। नई दिल्ली, आनंद विहार, अहमदाबाद जैसी जगहों से भी ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं। पिछले साल हमने देखा कि होली के मौके पर पश्चिम भारत और नई दिल्ली के आसपास के इलाकों से बड़ी संख्या में लोग बिहार और पूर्वी उत्तर प्रदेश जाते हैं।

**खबर संक्षेप**

### पंजाब:परीक्षा में पूछ डाले पार्टी से जुड़े 2 सवाल



**चंडीगढ़।** कक्षा 12वीं के बोर्ड एग्जाम में बच्चों से मौजूदा सत्ता पक्ष की पार्टी से जुड़े दो सवाल पूछे गए। जिस पर विपक्ष ने आपत्ति जताई है। विपक्ष ने सरकार को भी पत्र लिखने की बात कही है। पंजाब बोर्ड ने परीक्षा में बच्चों के सामने दो सवाल पेपर में दिए। पहला सवाल आम आदमी पार्टी की स्थापना कब हुई थी? जबकि दूसरा सवाल आम आदमी पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों का वर्णन करें।" इन सवालों को लेकर विपक्ष ने सरकार पर बोर्ड को अपने इशारों पर नचाने का आरोप लगाया है।

### जेईई मेन : दूसरे सेशन का शेड्यूल जारी



**नई दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने ज्वाइंट एंट्रेंस एग्जामिनेशन यानी जेईई मेन 2025 एग्जाम के दूसरे सेशन का एग्जाम शेड्यूल जारी कर दिया है, जो उम्मीदवार जेईई मेंस के दूसरे सेशन के एग्जाम में शामिल होने का मन बना रहे हैं वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर पूरा एग्जाम शेड्यूल देख सकते हैं। जेईई मेन की परीक्षा 2 अप्रैल से शुरू होंगी और 9 अप्रैल कर चलेगी। इससे पहले जेईई मेन के दूसरे सेशन का एग्जाम 1 अप्रैल से 8 अप्रैल तक होना था।

### शबाना को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**बेंगलुरु।** यहां आयोजित 16वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कावेरी निवास पर दिग्गज भारतीय अभिनेत्री शबाना आजमी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। पुरस्कार के रूप में उन्हें 10 लाख रुपए का चेक भी दिया गया। इस खास मौके पर मशहूर कवि, गीतकार और शबाना के पति जावेद अख्तर भी मौजूद थे। सीएम ने सोशल मीडिया पर शबाना और जावेद की कुछ तस्वीरें शेयर की।

## हंगामे के साथ शुरू हुआ संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण

# विपक्ष ने उठाया वोटर लिस्ट पर उठ रहे सवाल का मुद्दा, डीएमके सांसदों का भाषा को लेकर हंगामा



लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए।

## डीएमके के सांसदों ने धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर की नारेबाजी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार को हंगामे के साथ शुरू हुआ। लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- देशभर में वोटर लिस्ट पर सवाल उठ रहे हैं। पूरा विपक्ष बस यही कह रहा है कि वोटर लिस्ट पर चर्चा होनी चाहिए। इससे पहले सुबह सदन शुरू होते ही लोकसभा में डीएमके सांसदों ने हंगामा किया। डीएमके सांसद नई शिक्षा नीति (एनईपी) और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। वे शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के करीब पहुंचकर नारेबाजी कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर 12 बजे तक स्थगित कर दी। केंद्र सरकार ने एनईपी के तहत तीन भाषाएं पढ़ाए जाने का प्रावधान किया है। इसमें स्थानीय भाषा के अलावा अंग्रेजी और हिन्दी पढ़ाना अनिवार्य किया गया है। तमिलनाडु सरकार इसका विरोध कर रही है। उसका कहना है कि हम पर हिन्दी जानबूझकर थोपी जा रही है। डीएमके सांसद इसी का विरोध कर रहे हैं। विवाद पर शिक्षा मंत्री ने कहा- डीएमके के लोग बेईमान हैं।



### केंद्रीय विद्यालयों में सांसद कोटा शुरू करने का प्रस्ताव नहीं

केंद्रीय विद्यालयों में फिर से सांसद कोटा शुरू किए जाने की अटकलों पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने संसद में जवाब दिया है। सोमवार को उन्होंने एक लिखित जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालयों में दाखिले के लिए सांसद कोटा को फिर से शुरू करने का कोई प्रस्ताव फिलहाल सरकार के विचाराधीन नहीं है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि केंद्रीय विद्यालय संगठन ने सांसद कोटा सहित कुछ विशेष प्रावधानों को वापस ले लिया, जो कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या के अतिरिक्त था और छात्रों की शिक्षा को प्रभावित कर रहा था। प्रधान ने आगे कहा कि यह कोटा कक्षा की स्वीकृत सीट संख्या से अतिरिक्त था और इसलिए बेहतर छात्र-शिक्षक अनुपात (पीटीआर) को बनाए रखते हुए प्रणाली में गुणात्मक परिवर्तन लाने और राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप वांछित शिक्षण परिणाम प्राप्त करने के लिए इन्हें समाप्त कर दिया गया था।

### वहन-पत्र विधेयक पारित

लोकसभा ने सोमवार को पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित 'वहन-पत्र विधेयक 2024' को पारित कर दिया, जिसमें 1856 के संबंधित कानून को निष्प्रभावी करके नया कानून बनाए जाने का प्रावधान किया गया है। सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि सभी भारतीय चाहते हैं कि देश में स्वतंत्र भारत के कानून लागू किए जाएं, उसी क्रम में अंग्रेजों के समय के कानून की जगह लेने के लिए यह विधेयक लाया गया। उन्होंने कुछ विपक्षी सदस्यों की चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि इस विधेयक को विभिन्न हितधारकों और कानून विशेषज्ञों से चर्चा के बाद लाया गया है।

### विपक्ष का वॉकआउट

कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी दलों ने सोमवार को राज्यसभा से वॉकआउट किया। विपक्षी नेता डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र, अमेरिकी फंडिंग के मुद्दों पर नोटिस खारिज किए जाने से नाराज थे। हालांकि जेपी नड्डा ने कहा कि नियमों के तहत हम सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं।

### हमने निर्वाचन आयोग से जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं हुई : राहुल

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने विभिन्न राज्यों में मतदाता सूचियों में कथित गड़बड़ी का मुद्दा सदन में उठाया और इस पर सदन में चर्चा की मांग की। सदन में शून्यकाल के दौरान राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और कुछ अन्य राज्यों में मतदाता सूचियों को लेकर सवाल उठे हैं। उन्होंने कहा, ''मैं इस बात से सहमत हूं कि मतदाता सूची सरकार नहीं बनाती, लेकिन पूरे देश में मतदाता सूची को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।'' राहुल गांधी ने कहा, ''पूरा विपक्ष यह मांग कर रहा है कि मतदाता सूची पर चर्चा हो जाए।' बाद में राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''पूरा विपक्ष संसद में मतदाता सूची पर विस्तृत चर्चा की मांग कर रहा है। महाराष्ट्र की मतदाता सूची में गड़बड़ियों को लेकर मेरे संवाददाता सम्मेलन को एक महीने से अधिक हो गया है। मगर पारदर्शिता को लेकर निर्वाचन आयोग से हमने जो मांगें की थीं, वो अब तक पूरी नहीं की गई हैं। सवाल आज भी वैसे ही बने हुए हैं।'' उन्होंने कहा, ''अब मतदाता सूची में नामों के दोहराव के नए सबूत सामने आए हैं, जिससे और भी नए और गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों की रक्षा के लिए यह चर्चा बहुत जरूरी है।''

## सरकार ने लोकसभा में दी जानकारी

# महाकुंभ में स्नान के लिए उपयुक्त था गंगा का जल

गंगा की सफाई के लिए कुल 7,421 करोड़ रुपये प्रदान किए



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने सोमवार को लोकसभा में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की एक नई रिपोर्ट का हवाला दिया और कहा कि हाल में संपन्न महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर गंगा का पानी स्नान के लिए उपयुक्त था। सरकार ने यह भी कहा कि उसने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 (9 मार्च तक) में गंगा की सफाई के लिए राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी) को कुल 7,421 करोड़ रुपये प्रदान किए हैं। समाजवादी पार्टी के सांसद आनंद भदौरिया और कांग्रेस सांसद के. सुधाकरन के प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार, निगरानी वाले सभी स्थानों पर पीएच , घुलित ऑक्सीजन (डीओ), जैव रासायनिक ऑक्सीजन मांग (बीओडी) और फीकल कॉलीफॉर्म (एफसी) के औसत मान स्नान के लिए स्वीकार्य सीमा के भीतर थे। डीओ पानी में ऑक्सीजन की मात्रा को दर्शाता है, बीओडी कार्बनिक पदार्थों को तोड़ने के लिए आवश्यक ऑक्सीजन को मापता है, वहीं एफसी जलमल का सूचक है।

### सीपीसीबी की रिपोर्ट में किया गया था खुलासा

ये जल गुणवत्ता के प्रमुख संकेतक हैं। सीपीसीबी ने 3 फरवरी की एक रिपोर्ट में राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) को सूचित किया था कि महाकुंभ के दौरान प्रयागराज में कई स्थानों पर पानी उच्च फीकल कॉलीफॉर्म स्तर के कारण प्राथमिक स्नान जल गुणवत्ता मानक को पूरा नहीं करता। हालांकि, 28 फरवरी को एनजीटी को सौंपी गई एक नई रिपोर्ट में सीपीसीबी ने कहा कि सांख्यिकीय विश्लेषण बताता है कि महाकुंभ में पानी की गुणवत्ता स्नान के लिए उपयुक्त थी।

### गुणवत्ता का अलग-अलग स्तर

सीपीसीबी की रिपोर्ट में कहा गया है कि सांख्यिकीय विश्लेषण इसलिए आवश्यक था क्योंकि एक ही स्थान से अलग-अलग तिथियों और एक ही दिन में अलग-अलग स्थानों से एकत्र किए गए नमूनों में ''आंकड़ों की भिन्नता'' थी, जिसके कारण ये ''नदी क्षेत्र में समग्र नदी जल की गुणवत्ता'' को प्रतिबिंबित नहीं करते थे। बोर्ड की 28 फरवरी की तारीख वाली इस रिपोर्ट को सात मार्च को एनजीटी की वेबसाइट पर अपलोड किया गया। बोर्ड ने 12 जनवरी से लेकर अब तक प्रति सप्ताह दो बार, जिसमें अमृत स्नान के दिन भी शामिल हैं, गंगा नदी पर पांच स्थानों तथा यमुना नदी पर दो स्थानों पर जल गुणवत्ता पर निगरानी रखी।'

## बिहार में सियासी पारा गर्म

# भाजपा विधायक ने मुस्लिमों से होली पर 'घर में रहने' को कहा

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक विधायक ने मुस्लिमों से होली पर 'घर के अंदर रहने' और 'हिंदुओं को बिना किसी बाधा के उनका त्योहार मनाने' देने की सोमवार को 'अपील' कर विवाद खड़ा कर दिया। इस पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से विधायक को आड़े हाथ लेने तथा उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की। होली का त्योहार शुक्रवार को है। रमजान का



महीना भी चल रहा है। मधुबनी जिले के बिस्फी विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल ने विधानसभा परिसर में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं। ठाकुर ने कहा, ''मैं मुसलमानों से अपील करना चाहता हूं कि साल में 52 जुमा (शुक्रवार) होते हैं।

## तनिष्क के शोरूम में फिल्मी स्टाइल में लूट

# आभूषण समेत 25 करोड़ पर मारा हाथ, मोबाइल भी ले गए

एजेंसी ▶▶ आरा

भोजपुर जिले के आरा शहर में सोमवार को दिल दहला देने वाली लूट की वारदात सामने आई है। शहर के बीचों-बीच स्थित तनिष्क ज्वेलरी शोरूम में दिनदहाड़े आठ से नौ की संख्या में आए हथियारबंद अपराधियों ने पूरी दुकान को लूट लिया। करीब 30 मिनट तक शोरूम के अंदर आतंक मचाते हुए लुटेरे एक-एक स्टॉल से ज्वेलरी समेटते रहे। घटना नगर थाना क्षेत्र के गोपाली चौक स्थित तनिष्क शोरूम की है। चश्मदीदों के अनुसार सुबह करीब



10:30 बजे दो-दो की संख्या में अपराधी शोरूम के भीतर प्रवेश करते गए। जैसे ही सभी अंदर इकट्ठा हो गए, उन्होंने अपने चेहरे पर मास्क पहन हथियार निकाल लिए और पूरे स्टाफ को कब्जे में ले लिया। इसके बाद स्टॉल-दर-स्टॉल कीमती ज्वेलरी को बड़े बैगों में भरना शुरू कर दिया।

## सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की जमानत, कहा

# नौकरी पाने के लिए फर्जीवाड़ा करना बेहद ही गंभीर अपराध

राजस्थान हाईकोर्ट से मंजूर की जमानत रद्द

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक दुर्लभ कदम उठाते हुए, स्वतंत्रता समर्थक दो व्यक्तियों को राजस्थान उच्च न्यायालय की तरफ से मंजूर की गई जमानत रद्द कर दी। ये दो व्यक्तियों में से एक अभ्यर्थी और वह दूसरा वह व्यक्ति था जिसने सरकारी नौकरी में सेलेक्शन के लिए हुई परीक्षा में उसके स्थान पर पेपर दिया था। शीर्ष अदालत ने इस अपराध को प्रशासन और कार्यपालिका में जनता के विश्वास को कमजोर करने



वाला अपराध करार दिया। राजस्थान की अपील को स्वीकार करते हुए जस्टिस संजय करोल और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि उन्हें पता है कि एक बार हाई कोर्ट से जमानत मिल जाने के बाद उसे सामान्य तौर पर खारिज नहीं किया जाता।

### क्या था मामला?

सहायक अभियंता सिविल (स्वायत्त शासन विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के दौरान असली अभ्यर्थी इंद्राज सिंह की जगह डमी अभ्यर्थी सलमान खान ने परीक्षा दी थी। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया और निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी। हालांकि, हाईकोर्ट ने उन्हें यह मानते हुए जमानत दे दी कि असली अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ, दोनों का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और जांच पूरी हो चुकी है।

## भाजपा सांसद ने की मकबरे को हटाने की मांग

# औरंगजेब का मकबरा हटे... यह हर एक व्यक्ति चाहता है

सीएम ने बता दिया कुछ अलग ही प्लान

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मुगल बादशाह औरंगजेब पर पूरे देश में सियासत गर्म है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब का मकबरा मौजूद है। अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि सभी का मानना है कि छत्रपति संभाजीनगर में स्थित मुगल बादशाह औरंगजेब का मकबरा हटा दिया जाना चाहिए। मगर यह काम कानून के दायरे में किया जाना चाहिए, क्योंकि पिछली कांग्रेस सरकार ने इस स्थल को एएसआई



के संरक्षण में दे दिया था। छत्रपति शिवाजी महाराज के वंशज और सतारा से भाजपा सांसद उदयनराजे भोसले ने छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की समाधि को हटाने की मांग की थी। भोसले की मांग पर सीएम फडणवीस ने कहा कि हम सभी भी यही चाहते हैं।

### आजमी के बयान से शुरू हुआ विवाद

औरंगजेब पर ताजा विवाद सपा के विधायक अबू आसिम आजमी के बयान से शुरू हुआ। आजमी ने औरंगजेब की खूब तारीफ की थी। उन्होंने दावा किया था कि औरंगजेब ने मंदिरों का निर्माण कराया था। वह कोई क्रूर बादशाह नहीं था। बाद में अबू आसिम आजमी को पिछले सप्ताह 26 मार्च को बजट सत्र के अंत तक महाराष्ट्र विधानसभा से निलंबित कर दिया गया था। भाजपा नेता नवनीत राणा भी औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग कर चुकी हैं।

## सुरक्षा के लिए गृह मंत्री अमित शाह तक पहुंच गई चिट्ठी

टीपू सुल्तान के दरबारी मीर सादिक से की तुलना

# अभिनेत्री रश्मिका मंदाना को कांग्रेस विधायक ने सबक सिखाने की दी धमकी, फिर सफाई दी

कांग्रेस विधायक ने बेंगलुरु में आयोजित होने वाले फिल्म समारोह में शामिल होने का निमंत्रण ठुकराने और खुद को हैदराबाद का निवासी बताने के लिए अभिनेत्री की आलोचना की थी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के खुद को 'कर्नाटक के बजाय हैदराबाद से' बताने के मुद्दे ने सियासी रूप ले लिया है। कर्नाटक के सत्तारूढ़ पार्टी के विधायक रवि कुमार गौड़ा (गनीगा) और कन्नड़ कार्यकर्ता टी.ए. नारायण गौड़ा ने इस पर जमकर निशाना साधा। हालांकि रवि कुमार गौड़ा ने अब अपने बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि 'सबक सिखाउंगा' कहने का मेरा मतलब हमला करना नहीं था। मेरा मतलब था कि वो हमारी भूमि और भाषा का सम्मान करें। वहीं कोडवा राष्ट्रीय परिषद (सीएनसी) ने अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री और प्रदेश के गृह मंत्री से उनकी सुरक्षा की मांग की है। सीएनसी ने इसके लिए अमित शाह को पत्र भी लिखा है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि मेरा मतलब जीवन में सबक सिखाने से था।

### रश्मिका के लिए मांगी सुरक्षा

**सीएनसी ने की सुरक्षा की मांग**

इधर कोडवा राष्ट्रीय परिषद ने भी अभिनेत्री का समर्थन करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश के गृह मंत्री जी. परमेश्वर से उनकी सुरक्षा की अपील की है। सीएनसी के अध्यक्ष एन.यू. नचप्पा ने शाह और परमेश्वर को लिखे पत्र में आरोप लगाया कि रश्मिका को एक विधायक द्वारा धमकाया।





### कन्नड़ कार्यकर्ता ने रश्मिका को बताया मीर सादिक

वहीं, कर्नाटक रक्षणा वेदिके के संयोजक टीए नारायण गौड़ा ने भी कहा कि रश्मिका कोडागु से ताल्लुक रखती हैं और मूल रूप से कन्नडिगा हैं, लेकिन वह खुद को तेलुगु और आंध्र प्रदेश की बेटी बताती हैं। उन्होंने कहा, आप (रश्मिका) यहीं पली-बढ़ी हैं। अगर आप अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में मौका मिलने के बाद कन्नड़ राज्य को भूल जाती हैं, तो हमें लगता है कि आप किस तरह की 'मीर सादिक' हैं।

पीएम मोदी का मॉरीशस दौरा

# भारतीय उच्चायुक्त का दावा- रुपे, यूपीआई समेत कई महत्वपूर्ण समझौते होंगे मॉरीशस के नागरिकों को भारत में डिजिटल भुगतान करने की मिलेगी सुविधा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मॉरीशस की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी यह यात्रा दोनों देशों के बीच संबंधों में एक ''नया और उज्ज्वल'' अध्याय जोड़ेगी। मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस की यात्रा पर रहेंगे। वह मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के न्योते पर इस यात्रा पर जा रहे हैं। वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मेहमान होंगे। मॉरीशस का राष्ट्रीय दिवस 12 मार्च को है। मोदी ने मॉरीशस रवाना होने से पहले जारी एक बयान में कहा, ''मैं अपने सागर विजन के हिस्से के रूप में, अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि के साथ-साथ हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए अपनी स्थायी मित्रता को मजबूत करने तथा अपने सभी पहलुओं में अपनी साझेदारी को बढ़ाने के लिए मॉरीशस नेतृत्व के साथ जुड़ने के अवसर की प्रतीक्षा में हूं।'

*द्विपक्षीय व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए होगी चर्चा*

*दोनों के बीच 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार*



फाइल फोटो

### व्यापारिक संबंध होंगे और मजबूत

भारत और मॉरीशस ने 2021 में व्यापक आर्थिक सहयोग और भागीदारी समझौते (सीईसीपीए) पर हस्ताक्षर किए थे, जो भारत का अफ्रीका के किसी भी देश के साथ पहला व्यापार समझौता था। पीएम की इस यात्रा के दौरान व्यापार और निवेश को बढ़ावा देने के लिए नए व्यापार समझौतों पर भी चर्चा होगी। बता दें, साल 2023-24 में दोनों देशों के बीच कुल व्यापार 851.13 मिलियन अमेरिकी डॉलर का हुआ। जिसमें से भारत से मॉरीशस 778.03 मिलियन डॉलर का निर्यात रहा वहीं, मॉरीशस से भारत को 73.10 मिलियन डॉलर का निर्यात किया गया।

### मॉरीशस खेल उद्योग में निवेश कर रहा

*मॉरीशस के पीएम नवीन रामगुलाम देश के कुल ऋण को जीडीपी के 83% से घटाकर 60% तक लाने की योजना बना रहे हैं। इसके लिए वे विकास भागीदारों, वैश्विक संस्थानों और मित्र देशों के साथ सहयोग कर रहे हैं। इसके अलावा, मॉरीशस अपने अर्थव्यवस्था में विविधता लाने के लिए नए क्षेत्रों जैसे खेल उद्योग में भी निवेश कर रहा है।*

### एमएसएमई सेक्टर को समर्थन देने पर चर्चा



अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी की इस यात्रा के दौरान कई मुद्दों पर समझौता होने की संभावना है। जिसमें द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के लिए समझौता, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय अपराधों से निपटने के लिए सहयोग, इसके साथ छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) को समर्थन देना और मानव संसाधन और कुशल श्रमिकों के आदान-प्रदान पर चर्चा भी होनी है।

### महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे

श्रीवास्तव ने बताया कि पीएम मोदी मॉरीशस में भारतीय सहायता से निर्मित दो महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। जिसमें पहला सरकारी सेवाओं के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के लिए- सिविल सर्विस कॉलेज प्रोजेक्ट और दूसरा स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए एरिया हेल्थ सेंटर प्रोजेक्ट शामिल है। पीएम मोदी मॉरीशस में सर शिव सागर गुलाम की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। इसके अलावा, वे गंगा तालाब भी जाएंगे, जो मॉरीशस के हिंदू समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल है। यह यात्रा पीएम मोदी की पहली द्विपक्षीय यात्रा होगी, जब से नवीन रामगुलाम सरकार ने पिछले नवंबर में कार्यभार संभाला है।

## खबर संक्षेप

### इंटरनेशनल ड्रग तस्कर शॉन भिंडर गिरफ्तार



**तरनतारन।** तरनतारन पुलिस ने अंतराष्ट्रीय ड्रग माफिया शहनाज सिंह उर्फ शॉन भिंडर को गिरफ्तार किया है, जिसकी तलाश अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई को भी काफी समय से थी। शहनाज सिंह ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का मुख्य सरगना था, जो कोलंबिया से अमेरिका और कनाडा में कोकीन की तस्करी करता था। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि अमेरिका में अपने साथियों की गिरफ्तारी के बाद शहनाज सिंह भारत भाग गया था, लेकिन पंजाब पुलिस ने उसका पीछा कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### मस्क बोले- एक्स पर साइबर हमला, किसी संगठन या देश का हाथ

**नई दिल्ली।** जानेमाने उद्योगपति एलन मस्क के स्वामित्व वाली माइक्रोब्लॉगिंग साइट 'एक्स' पर सोमवार को बड़ा साइबर हमला हुआ। इस साइबर हमले की वजह से 'एक्स' के सर्वर सोमवार को तीन बार ठप पड़ गए। सबसे लंबा आउटेज रात पौने नौ बजे के आसपास देखा गया। यूजर्स को 'एक्स' पर पोस्ट करने और लॉगिन करने में दिक्कतें आईं। करीब दो घंटे की आउटेज के बाद समस्या का समाधान किया गया और सेवाएं फिर से बहाल हो गईं। सेवाएं बहाल होने के बाद मस्क इस आउटेज के लिए बड़े साइबर हमले को जिम्मेदार ठहराया।

## खत्म हुआ जस्टिन ट्रूडो का दौर, मार्क कार्नी बने कनाडा के नए पीएम

# भारत के लिए खुशखबरी, अब सुधरेंगे संबंध वे रिश्ते मजबूत करने की कर चुके हैं पैरवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बैंक ऑफ कनाडा और बैंक ऑफ इंग्लैंड के पूर्व गवर्नर मार्क कार्नी मार्क कार्नी को रविवार देर रात कनाडा का नया पीएम चुन लिया गया है। पार्टी ने सोमवार को अपने ऐलान में कहा कि कार्नी पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह लेंगे। लिबरल पार्टी के अध्यक्ष सचित मेहरा ने लिबरल नेतृत्व की दौड़ में ब्रिटेन और कनाडा के पूर्व केंद्रीय बैंक प्रमुख मार्क कार्नी की जीत की घोषणा की। रिपोर्ट्स के मुताबिक, कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जोकि कुल मतों का लगभग 85.9% है।

उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री क्रिस्टिया फ्रीलैंड और पूर्व सरकारी सदन नेता करीना गोल्ड और पूर्व संसद सदस्य फ्रैंक बेलिस को मात दी। क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 11,134 वोट मिले, करीना गोल्ड को 4,785 वोट मिले और फ्रैंक बेलिस को 4,038 वोट मिले। जस्टिन ट्रूडो ने अपने कार्यकाल के दौरान भारत के साथ संबंधों में खटास लाने के लिए कोई असर नहीं छोड़ी। लेकिन मार्क कार्नी इसे बेहतर बना सकते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि भारत और कनाडा के संबंध एक बार फिर से सुधरेंगे क्योंकि कार्नी वहीं शख्स हैं, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत के साथ रिश्ते फिर से मजबूत करने चाहिए।

### कनाडा किसी भी तरह अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा

**खास बातें**

- कार्नी को कुल 131,674 वोट मिले जो कुल मतों का 85.9% है
- कार्नी एक बैंकर और अर्थशास्त्री हैं




पीएम चुने जाने के बाद मार्क कार्नी ने अपने भाषण में ट्रंप की नीतियों की जमकर आलोचना की। कार्नी ने कहा कि कोई है जो हमारी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। जैसा कि हम जानते हैं, डोनाल्ड ट्रंप ने हम जो बनाते हैं, जो बेचते हैं और जिस तरह से हम अपना जीवन यापन करते हैं, उस पर अनुचित टैरिफ लगाए हैं। वह कनाडाई परिवारों, मजदूरों और व्यवसायों पर हमला कर रहा है और हम उसे सफल नहीं होने देंगे। कनाडा तब तक जवाबी टैरिफ लगाए रखेगा जब तक अमेरिका की ओर से उसे सम्मान नहीं मिलता। कनाडा को अमेरिका का 51 वां राज्य बनाने के ट्रंप के बयान पर कार्नी ने कहा कि हमने इसे दुनिया का सबसे महान देश बनाया है और अब हमारे पड़ोसी हमें हड़पना चाहते हैं। ऐसा बिल्कुल नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हमारे संसाधन, पानी, हमारी जमीन, हमारा देश चाहते हैं। इसके बारे में सोचें, अगर वे सफल हो गए, तो वे हमारे जीवन जीने के तरीके को खत्म कर देंगे। अमेरिका एक पिघलने वाला बर्तन है और कनाडा एक मोजेक है। अमेरिका कनाडा नहीं है, कनाडा कभी भी किसी भी तरह, आकार या रूप में अमेरिका का हिस्सा नहीं होगा।

### ट्रूडो ने छोड़ा पद



जस्टिन ट्रूडो ने लिबरल पार्टी के लीडर का पद छोड़ दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट 'एक्स' पर लिखा कि मैं लिबरल पार्टी के नेता के रूप में उसी आशा और कड़ी मेहनत के साथ विदा ले रहा हूँ, जैसा कि मैंने शुरू में किया था। इस पार्टी और इस देश के लिए काफी उम्मीदें हैं। उन लाखों कनाडाई लोगों की वजह से जो हर दिन साबित करते हैं कि बेहतर हमेशा संभव है। बता दें कि ट्रूडो ने जनवरी में ही पार्टी को देश के नया पीएम चुनने को कह दिया था।

### 2012 में ठुकराया था वित्त मंत्री का पद

नॉर्थवेस्ट टेरिटरीज कनाडा में जन्मे मार्क कार्नी का बचपन एडमंटन में बीता। उन्होंने अमेरिका के हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से अर्थशास्त्र की पढ़ाई की। इसके उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर की डिग्री हासिल की फिर 1995 में अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि हासिल की। साल 2008 में उन्हें बैंक ऑफ कनाडा का गवर्नर नियुक्त किया गया। साल 2010 में दुनिया की मशहूर मैगजीन टाइम ने उन्हें विश्व के 25 सबसे प्रभावशाली नेताओं में एक बताया। इसके अलावा साल 2012 में यूरोमनी मैगजीन ने उन्हें 'सेंट्रल बैंक गवर्नर ऑफ द ईयर' घोषित किया। साल 2013 में वह बैंक ऑफ इंग्लैंड के भी गवर्नर बने थे। हाल ही में उन्हें संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्रवाई और वित्त पर विशेष दूत जैसे महत्वपूर्ण पद संभाल चुके हैं। वो ब्रुकफील्ड एसेट मैनेजमेंट में ट्रांजिशन इन्वेस्टिंग के पद पर भी रह चुके हैं। उन्हें 2012 में ही तत्कालीन पीएम स्टीफन हार्पर ने वित्त मंत्री बनने का मौका दिया था। लेकिन उन्होंने इस प्रस्ताव को नकार दिया था।

## ललित मोदी को लगा बड़ा झटका

# वानुअतु के पीएम ने पासपोर्ट रद करने का दिया आदेश



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आईपीएल के पूर्व प्रशासक ललित मोदी को बड़ा झटका लगा है। दरअसल वानुअतु देश के पीएम ने ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश दिया है। ललित मोदी के पास वानुअतु की नागरिकता है। अब वानुअतु के पीएम द्वारा ललित मोदी का पासपोर्ट रद्द करने का आदेश ऐसे समय आया है, जब ललित मोदी ने हाल ही में भारत की नागरिकता छोड़ने का आवेदन किया था। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया था कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना भारतीय पासपोर्ट सरेंडर करने के लिए आवेदन किया था। जायसवाल ने बताया था कि हमें पता चला है कि उनके पास वानुअतु की नागरिकता है।


### मनी लॉन्ड्रिंग के हैं आरोप

ललित मोदी आईपीएल के पूर्व चेयरमैन रहे हैं और उन्हें ही आईपीएल की सफलता का मुख्य रणनीतिकार माना जाता है। हालांकि साल 2009 में आईपीएल के टीवी अधिकारों के 425 करोड़ रुपए के समझौते में नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में उनके खिलाफ जांच चल रही है। मई 2010 में ललित मोदी लंदन भाग गए थे। इसके बाद उन्हें बीसीसीआई ने बर्खास्त कर दिया था। ललित मोदी पर टीमों की नीलामी में भी फर्जीवाड़ा करने का आरोप है। इस पर बीसीसीआई ने भी ललित मोदी के खिलाफ जांच की और दोषी पाए जाने के बाद उन्हें साल 2013 में आजीवन प्रतिबंधित कर दिया था। साल 2015 में ललित मोदी के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गैर जमानती वारंट जारी हुआ था।

### नागरिकता के लिए वानुअतु में करना होता है निवेश

वानुअतु दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा सा द्वीपीय देश है। इस द्वीपीय राष्ट्र की कुल आबादी महज 3 लाख के करीब है। वानुअतु को साल 1980 में फ्रांस और ब्रिटेन से आजादी मिली थी। वानुअतु निवेश कार्यक्रम के तहत दुनियाभर के लोगों को नागरिकता देने की सुविधा देता है। वानुअतु में नागरिकता पाने की न्यूनतम लागत 1.55 लाख डॉलर के करीब है। वानुअतु में निवेश के बदले महज 30-60 दिनों में ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। वानुअतु के कुल राजस्व में नागरिकता के बदले मिले राजस्व की हिस्सेदारी 30 फीसदी है।

## बर्फ से बने शिवलिंग की पूजा



**लाहौर स्पिति।** हिमाचल प्रदेश के लाहौर स्पिति जिले के मदगरण गांव में शिवलिंग की पूजा करते श्रद्धालुगण। स्थानीय मान्यता के अनुसार यूर त्यौहार के दौरान ग्रामीण बर्फबारी के बाद 12 फीट ऊंचा बर्फ का शिवलिंग बनाकर उसकी पूजा करते हैं।

## भारत-किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच शुरू हुआ 'खंजर-12' युद्धाभ्यास

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से चिंताजनक बने हुए वैश्विक माहौल के मध्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच सोमवार से खंजर-12 नामक संयुक्त युद्धाभ्यास की शुरुआत हो गई है। इसमें दोनों देशों के विशेष बल (एसएफ) भाग ले रहे हैं। भारतीय सैन्य दल की अगुवाई पैराशूट रेजिमेंट (एसएफ) कर रही है। जबकि किर्गिस्तान की सेना का नेतृत्व किर्गिस स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रही है। सेना ने 10 मार्च को जारी एक बयान में बताया कि खंजर युद्धाभ्यास 10 से 23 मार्च तक किर्गिस्तान के तोकमोक में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारत और किर्गिस्तान की सेनाओं के बीच संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश के तहत अंतर संचालनीयता को बढ़ाना, शहरी युद्ध परिदृश्य और अत्यधिक ऊंचाई वाले मुश्किल हालात में अभियान चलाने पर ध्यान केंद्रित करना, आतंकवाद रोधी गतिविधियों और विशेष बलों से जुड़ी घात लगाकर हमला करने वाले युद्ध कौशल यानी स्नाइपिंग में अपनी क्षमता को सुदृढ़ करने, चुनौतीपूर्ण इमारतों में प्रवेश और जंगलों में चलाए जाने वाले अभियान मुख्य हैं। युद्धाभ्यास से एक ओर दोनों सेनाओं के बीच सैन्य सहयोग और अंतर संचालनीयता बढ़ेगी।

■ संपन्न हुआ भारत-जापान की सेनाओं के बीच जारी धर्म गार्डियन युद्धाभ्यास

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय यात्रा पर आएंगे भारत

## पीएम मोदी से मिलेंगे लक्सन, द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर होगी विस्तार से बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन पांच दिवसीय (16-20 मार्च) आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। इस दौरान उनके साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आएगा, जिसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, व्यवसाय, मीडिया और न्यूजीलैंड में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्य शामिल होंगे। पीएम के तौर पर क्रिस्टोफर लक्सन की यह पहली भारत यात्रा होगी। वे 20 मार्च को वेलिंगटन लौटने से पहले नई दिल्ली और मुंबई का दौरा करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार अपनी यात्रा के दौरान पीएम लक्सन 17 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी के साथ भारत-न्यूजीलैंड संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। पीएम मोदी अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे। उसी दिन उनका राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात का कार्यक्रम है।



### 19-20 मार्च को मुंबई का करेंगे दौरा

पीएम लक्सन 17 मार्च को नई दिल्ली में 10वें रायसीना डायलॉग 2025 के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। वे 19-20 मार्च को मुंबई का दौरा करेंगे, जहां वे भारतीय व्यापार जगत के नेताओं और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार पीएम लक्सन की यात्रा भारत-न्यूजीलैंड के बीच दीर्घकालिक और स्थायी संबंधों को रेखांकित करती है। यह सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने और हमारे लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को गहरा करने के लिए दोनों देशों की निरंतर प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।

## गुलमर्ग में फैशन शो कराना पड़ा भारी

### आयोजकों ने मांगी माफी, सोशल मीडिया से वीडियो कर दिए डिलीट

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के गुलमर्ग में आउटडोर फैशन शो आयोजित करने वाले आयोजकों को भारी पड़ा गया। हंगामे और भारी विरोध के बाद फैशन डिजाइनर शिवन और नरेश ने माफी मांग ली है। डिजाइनरों को कहना है कि रमजान के दौरान फैशन शो आयोजित किए जाने से लोगों को ठेस पहुंची है, उसके लिए हमें गहरा खेद है। हमारा एकमात्र मकसद क्रिएटिविटी का जश्न मनाना था। डिजाइनर जोड़ी शिवम और नरेश द्वारा आयोजित एले इंडिया फैशन शो में मॉडल बर्फ से ढके रैंप पर चलते हुए दिखाई दिए। ये वीडियो एले ने अपने इंस्टाग्राम थ्रेड्स अकाउंट पर पोस्ट किया था, बाद में इसे हटा दिया गया है।



### सीएम अबदुल्ला ने दिए जांच के आदेश

कई कश्मीरी राजनीतिक नेताओं और सोशल मीडिया पर लोगों ने इस घटना को अश्लील बताया, क्योंकि यह रमजान के महीने के दौरान हुई। इस विवाद पर सीएम उमर अब्दुल्ला के कार्यालय ने कहा कि आयोजकों पर गुस्सा करते हुए आदेश दिया कि 24 घंटे के अंदर एक रिपोर्ट पेश की जाए, जिसके आधार पर इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

## कोरियन युवतियों के खाने में मिला देता था नींद की दवा 'डेट रेप ड्रग'


# रेवाड़ी के बालेश को ऑस्ट्रेलिया में 40 साल कैद की सजा सुनाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में रेवाड़ी के रहने वाले सीरियल रेपिस्ट बालेश धनखड़ को ऑस्ट्रेलिया में 7 मार्च को 40 साल कैद की सजा सुनाई गई। उस पर ड्रग्स देकर 5 कोरियन महिलाओं से रेप और हिडन कैमरे से वीडियो बनाने समेत 39 आरोप साबित हुए। रेपिस्ट बालेश कोरियन युवतियों को रेप ड्रग देता था। यह ऐसा नशा है, जिसके बाद किसी को ये याद नहीं रहता कि उसके साथ क्या हुआ। बालेश युवतियों को डिनर के बहाने वाइन में यह ड्रग मिलाकर देता था। जिसके बाद उनके साथ रेप करता था। यही वजह रही कि कुछ कोरियन युवतियों का कहना था कि उनके साथ रेप हुआ या नहीं, इसका उन्हें पता नहीं चला। वह पूरी तरह से ब्लैकआउट हो गईं थी। ऑस्ट्रेलिया में बालेश को 40 साल कैद की सजा होने के बाद यह खुलासा हुआ है। सिडनी कोर्ट में एक कोरियन युवती ने 8 अक्टूबर 2018 को ऑस्ट्रेलिया पहुंचने के बाद अपने साथ हुए रेप की घटना की आपबीती सुनाई थी। बालेश धनखड़ ने अलार्म घड़ी में हिडन कैमरा लगा रखा था। इसी से वह कोरियन युवतियों से रेप के दौरान वीडियो रिकॉर्ड करता था।

- ऑस्ट्रेलियाई पुलिस को 47 वीडियो मिले
- ड्रग के बाद न रेप का पता चलता, न कुछ याद रहता
- नौकरी देने के बहाने से बुलाता था

### डेट रेप ड्रग, स्टिलनॉक्स और जोलपिडेम देकर फंसाता था



डेट रेप ड्रग का मेडिकल नाम रोहप्नोल है। वैसे तो इसे नींद की गोली के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि इसको लेकर हुए शोध में खुलासा हुआ कि यह दवा 'एंट्रोग्रेड एम्नेसिया' का भी कारण बनती है। इसका मतलब है कि दवा के सेवन के दौरान क्या हुआ, यह याद रखना मुश्किल होता है। इस दवा के असर से इंसान की याद रखने की क्षमता खत्म हो जाती है। इसी वजह से यूएसए में इसे बैन किया जा चुका है। इसमें न तो स्मेल होती है और न ही टेस्ट। इस वजह से इसको किसी चीज में मिक्स करने के बाद उसका पता नहीं चलता। यह भी पता चला कि रोहप्नोल के साथ वह युवतियों को स्टिलनॉक्स भी देता था। इसका सामान्य नाम जोलपिडेम भी है। इसके सेवन से चक्कर आने, सिरदर्द और कभी-कभी नींद में गाड़ी चलाने जैसा महसूस होता है। ऐसे में माना जा रहा है कि युवतियां खुद को बीमार समझें और रेप की तरफ ध्यान न जाए, इसलिए बालेश यह दवा भी उन्हें देता था।

### एक ही होटल और कोरियाई रेस्तरां का इस्तेमाल किया

*बालेश धनखड़ ने कोरियन युवतियों को फंसाने के लिए एक ही होटल, कैफे और रेस्तरां का इस्तेमाल किया। जब उसने एशिया पार्टनरशिप के नाम से फर्जी कंपनी खोल कोरियन से इंग्लिश ट्रांसलेटर की जॉब निकाली तो सबसे पहले युवतियों को होटल हिल्टन कैफे में बुलाया। यहां पर उनका इंटरव्यू लेने का बहाना बनाया। इसके बाद हर युवती को कोरियन रेस्तरां कोइबिटो में डिनर के लिए ऑफर दिया। जहां उन्हें सोजू, वाइन या कोरियाई पेय मकोली पिलाई गई। इसके बाद कभी ओपेरा हाउस दिखाने तो कभी कार की चाबी लाने के बहाने उन्हें अपने अपार्टमेंट में ले गया। वहां वाइन के बहाने उन्हें ड्रग्स मिक्स कर दे देता था।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25